@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika



प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 120 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 शुक्रवार, 28 फरवरी 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495

## महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए देशवासियों को नमन: मोदी

### 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के त्रिवेणी संगम में स्नान कर पुण्य प्राप्त किया



**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
महाशिवरात्रि के दिन अंतिम अमृत स्नान के साथ प्रयागराज महाकुम्भ 2025 का 45 दिन बाद समापन हो गया। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में देश और दुनिया से 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के त्रिवेणी संगम में स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। इस भव्य, नव्य और दिव्य आयोजन की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को उनके परिश्रम, प्रयास और संकल्प की सराहना की। पीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट के जरिए प्रयागराज महाकुम्भ को एकता का महाकुम्भ बताते हुए कहा कि महाकुम्भ संपन्न हुआ, एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। महाकुम्भ में जिस भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की है वो सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत को सुदृढ़ और समृद्ध रखने के लिए कई सदियों की एक सशक्त नींव भी रख गया है। पीएम मोदी ने कहा कि महाकुम्भ संपन्न हुआ, एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज में एकता के महाकुम्भ में पूरे 45 दिनों तक जिस प्रकार 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ी, वो अभिभूत करता है। पीएम ने कहा कि महाकुम्भ के पूर्ण होने पर जो विचार मन में आए, उन्हें मैंने कलमबद्ध करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में जिस भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की है वो सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि यह संस्कृति और विरासत को सुदृढ़ और समृद्ध रखने के लिए कई सदियों की एक सशक्त नींव भी रख गया है। प्रयागराज का महाकुम्भ आज दुनियाभर के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के साथ ही प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए भी रिसर्च का विषय बन गया है।

### सीएम योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट के जरिए कहा कि प्रधानमंत्री जी, यह आपके यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल है कि 'एकता, समता, समरसता का महायज्ञ' महाकुम्भ-2025, प्रयागराज भव्यता-दिव्यता के साथ सुरक्षा-स्वच्छता-सुव्यवस्था के नवीन मानक गढ़कर आज संपन्न हो गया है। विगत 45 पुण्य दिवसों में पूज्य साधु-संतों समेत 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर कृतार्थ हुए हैं। सकल विश्व को 'सभी जन एक हैं' का अमृत संदेश देने वाला यह मानवता का महोत्सव 'वसुधैव कुटुंबकम्' के पुण्य भाव के साथ संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में पिरो रहा है।

आपका मार्गदर्शन एवं शुभेच्छाएं हम सभी को सदैव नई ऊर्जा प्रदान करती हैं।

## आम आदमी पार्टी के विधायकों ने किया विधानसभा के बाहर प्रदर्शन



**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोकने के मामले को लेकर परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी और पार्टी के अन्य विधायक शामिल थे। आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भाजपा वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पार कर दीं। उन्होंने कहा कि जय भीम के नारे लगाने पर तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों को सदन से निलंबित किया गया। आज आआपा विधायकों को विधान सभा परिसर में जाने नहीं दिया गया। आतिशी ने बताया कि दिल्ली विधानसभा में पुलिस अधिकारियों द्वारा सदन के बाहर ही पुलिस बैरिकेड लगाकर विपक्षी विधायकों को रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधान सभा के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ कि चुने हुए विधायकों को विधान सभा परिसर के अंदर जाने से रोका गया हो। उधर, आआपा के प्रदर्शन पर भाजपा सांसद कैलाश गहलोत ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि किसी विधायक को सदन से बाहर किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



**नई दिल्ली: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री को दिल्ली विधानसभा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। इस दौरान हरियाणा में जारी विभिन्न विकास योजनाओं और स्थानीय निकाय चुनावों पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री के साथ करीब आधा घंटा चली इस मुलाकात के दौरान हरियाणा में जारी प्रादेशिक और केंद्रीय योजनाओं पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री सैनी ने हरियाणा में आधारभूत विकास और भविष्य की परियोजनाओं पर प्रधानमंत्री को जानकारी दी। दोनों नेताओं के बीच भविष्य में केंद्र सरकार के साथ मिलकर हरियाणा के सतत विकास और विकसित भारत 2047 के संकल्प में हरियाणा की भागीदारी पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को हरियाणा में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर भी अवगत कराया और उनका महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा को और भी विकसित बनाने के लिए कार्य किया जाएगा।

सैनी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की अभूतपूर्व जीत के लिए बधाई दी और कहा कि अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिल्लीवासियों को भी केंद्र की हर योजना का लाभ मिलेगा।

## भाजपा विधायकों ने उठाया जल संकट, सीवरेज और सीसीटीवी का मुद्दा



**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे जल संकट, सीवरेज और सीसीटीवी से जुड़े विषय उठाए। भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने आरके पुरम में पानी और सीवरेज की गंभीर समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में स्थिति बहुत गंभीर है। वहां 24 घंटे सीवेज बहता रहता है। उन्होंने निवासियों की बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए कार्रवाई की मांग की। मुस्तफाबाद से भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने विधानसभा में कहा कि उनके यहां पीने के पानी की बहुत ज्यादा समस्या है। क्षेत्र में जल उपचार संयंत्र होने के बावजूद लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि यहां पर पहले शुद्ध गंगा जल मिलता था। लेकिन आज स्थिति काफी खराब हो गई है पीने के पानी की बहुत ज्यादा समस्या है। बिष्ट ने जल मंत्री से मांग की कि क्षतिग्रस्त पाइपलाईन को ठीक करवाया जाए ताकि जनता को पीने के पानी की समस्या से राहत मिल सके। विश्वास नगर से भाजपा विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने पूरे शहर में कैमरे लगवाए थे। लेकिन कैमरों के लिए किए गए भुगतान में बहुत बड़ा घोटाला किया गया। प्रत्येक विधानसभा में चार हजार कैमरे लगाए जाने थे, लेकिन कई स्थानों पर एक भी कैमरा नही लगवाया गया। शर्मा ने आरोप लगाया कि जितने कैमरे लगाए जाने थे, उनकी संख्या काफी कम थी।

## जनता मौका दे, पछताना नही पड़ेगा: कमल दीवान

**सोनीपत: सोनीपत** नगर निगम मेयर पद के प्रत्याशी कमल दीवान ने वीरवार को कहा कि अगर जनता मौका देती है तो सोनीपत की जनता को कभी पछताना नही पड़ेगा। वह राजनीति में लोगों की सेवा करने के लिए ही आए हैं। कांग्रेस नेता कमल दीवान ने कहा कि जनता की हर समस्या के समाधान के लिए काम किया जाएगा, ताकि आठ माह के बाद जब फिर से मेयर पद के लिए चुनाव होंगे तो जनता के बीच में सिर उठाकर वोट मांगने में उन्हें कोई हिचक न हो। भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि ऊपर-नीचे हर जगह सरकार होने के बावजूद सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में लोगों की पेयजल, सीवरेज जाम, प्रोप्ट्री आईडी, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर नही हो पाई।

## सोनीपत नगर निगम में शामिल गांवों का शहरी तर्ज पर होगा विकास: राजीव जैन



**सोनीपत/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**मुख्यमंत्री के** पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने बृहस्पतिवार को अपना जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए ढाई दर्जन से अधिक सभाएं कर लोगों से वोट की अपील की। इस दौरान राजीव जैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विजय संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता पर निगम क्षेत्र की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक विजय संकल्प यात्रा में शामिल होकर उनका मनोबल बढ़ाया है । सोनीपत की जनता ने भाजपा को समर्थन देने का मन बना लिया है।

जनता के असीम स्नेह व समर्थन की बदौलत सोनीपत नगर निगम मेयर उप चुनाव में भाजपा की रिकॉर्डतोड़ व ऐतिहासिक जीत होगी। इस दौरान उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनके मेयर बनते ही जहां सोनीपत के शहरी क्षेत्र का विकास तीव्र गति से होगा, वहीं सोनीपत नगर निगम में शामिल गांवों का शहरी तर्ज पर विकास होगा। राजीव जैन ने बृहस्पतिवार को सेक्टर- 15, प्रजापत धर्मशाला, सेक्टर -14-15 डिवाइडर रोड, सिक्का कॉलोनी, देवीवाड़ा, जगदीशपुर न्यू चौपाल, महादेव विहार, चार मरला सहित विभिन्न जगहों पर सभाओं को संबोधित किया।

## मौसम के तेवर से बागवानी के किसान परेशान न हों: श्याम सिंह राणा



**चण्डीगढ़/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि अब मौसम के सख़्त तेवर से बागवानी के किसानों को परेशान होने की जरुरत नहीं है , प्रदेश सरकार की "मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना" उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। राणा ने राज्य के किसानों को "मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना" का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उद्यान विभाग के प्रवक्ता ने इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा " मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना" शुरू की गई है , इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक अनाज फसलों की बजाए अधिक आमदनी देने वाली उच्च जोखिम की बागवानी फसलें लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि " मेरी फसल मेरा ब्यौरा" पोर्टल पर पंजीकृत सभी किसान इस योजना के लिए नामांकन हेतु पात्र हैं। उन्होंने आगे बताया कि राज्य के किसान स्वेच्छा से बीमा के लिए निर्धारित अंशदान की राशि देकर उक्त योजना के लिए नामांकन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सब्जी व मसाले की फसल का 30 हजार रुपए प्रति एकड़ तथा फलों की खेती का 40 हजार रुपए प्रति एकड़ का बीमा किया जाता है। इसमें किसान को सब्जी व मसाले की खेती के लिए 750 रुपए तथा फल की खेती के लिए 1000 रुपए प्रति एकड़ बीमा राशि देनी पड़ती है।

## नूंह में 12वीं कक्षा का पेपर हुआ लीक

**नूंह/गुरुगाम/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की गुरुवार को शुरू हुई 12वीं कक्षा का अंग्रेजी का पेपर नूंह में लीक हो गया। मात्र आधे घंटे में ही प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र से बाहर आ गया। परीक्षा केंद्रों पर नकल कराने के लिए पहुंचे लोगों को पुलिस ने खदेड़ा। पहले ही दिन पेपर लीक होने से बोर्ड प्रशासन हरकत में आ गया। गुरुवार को हरियाणा बोर्ड की 12वीं कक्षा का अंग्रेजी का पेपर था।परीक्षा शुरू होने के बाद नूंह और पुन्हाना में आउट होने की सूचनाएं आई। परीक्षा शुरू होने के बाद आधे घंटे में ही प्रश्न पत्र लीक हो गया। पेपर लीक होने से संबंधित एक वीडियो भी वायरल हुआ। वीडियो में नजर आया कि एक परीक्षा केंद्र के अंदर से प्रश्न पत्र बाहर भेजा जा रहा है।

## किसान हित में हरियाणा सरकार का कदम



### फसलों के नुकसान का ब्यौरा दर्ज करने के लिए खोला गया क्षतिपूर्ति पोर्टल

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**हरियाणा सरकार** ने किसानों के हित में कदम उठाते हुए जिला जींद में 20 फरवरी को हुई बारिश/ओलावृष्टि के कारण फसलों के नुकसान का ब्यौरा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करने के लिए किसानों से आह्वान किया है। यह पोर्टल 10 मार्च तक खुला रहेगा।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जींद के उपायुक्त द्वारा दी गई रिपोर्ट अनुसार जिला जींद के गांव आसन, खरकरामजी, चाबरी, नेपेवाला, कोयल, बहादुरपुर और सण्डील आदि गांवों में 20 फरवरी को बेमौसमी बारिश के कारण फसलों को नुकसान हुआ है।

किसानों द्वारा फसलों के खराबे की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का अनुरोध किया गया। उनके अनुरोध पर सरकार ने निर्णय लिया है कि जिला जींद के किसान अपनी खराब फसल की जानकारी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 10 मार्च तक दर्ज कर सकते हैं। प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में क्षतिपूर्ति पोर्टल बनाया है।

पूर्व की सरकारों के दौरान खराब फसल की गिरदावरी करने वाले पटवारी एवं अन्य कर्मचारियों पर नुकसान के आंकलन में भेदभाव के आरोप लगते रहे हैं। किसानों की असल समस्या को समझते हुए वर्तमान सरकार ने ही क्षतिपूर्ति पोर्टल बनाकर किसानों को यह भी सुविधा दी कि वे खुद भी अपनी खराब फसल की जानकारी अपलोड कर सकें। इससे किसान वर्ग में काफी खुशी देखी गई।

## हरियाणा के निकाय चुनाव में कांग्रेस का नहीं खुलेगा खाता: गंगवा



**सोनीपत/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**हरियाणा के** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि भाजपा सरकार अनुसूचित जाति व पिछड़ी जाति के उत्थान व कल्याण के लिए कार्य कर रही है। गरीब लोगों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है, जिससे उनको सीधा फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तरह हरियाणा के निकाय चुनाव में भी कांग्रेस का खाता नहीं खुलेगा। कांग्रेस पार्टी की हालत आज इस कदर खराब हो चुकी है कि कई जगहों पर उम्मीदवार तक नहीं मिले । कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा सोनीपत से मेयर प्रत्याशी राजीव जैन के समर्थन में प्रजापति धर्मशाला में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के लिए वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि मेयर प्रत्याशी राजीव जैन समाज के सभी वर्गों के समर्थन व आशीर्वाद से सोनीपत से ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे । सभा में पहुंचने पर मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने गर्मजोशी के साथ कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा का स्वागत किया।।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस से मोहभंग हो चुका है । प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर पूरा भरोसा है।

हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी जीत की शानदार हैट्रिक ने यह साबित किया है कि प्रदेश की जनता का भरोसा भाजपा के सशक्त और सक्षम नेतृत्व व सुशासन की नीतियों में हैं। अब निकाय चुनाव में भी भाजपा के सभी प्रत्याशी कमल खिलाने का काम करेंगे।

## सरकार की नियति, नियत और एजेंडा स्पष्ट, तीन गुणा तेजी से काम करेगी ट्रिपल इंजन की सरकार : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

### वर्तमान सरकार ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में 18 बड़े वायदे पूरे कर लोगों के जीवन को बनाया आसान



**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार की नियति, नियत और एजेंडा स्पष्ट है, जिसकी बदौलत प्रदेश में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं। वर्तमान सरकार ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिसने लोगों के जीवन को सुगम करने का काम किया है।

मुख्यमंत्री वीरवार को कैथल के सीवन, कलायत व पूंडरी में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में संकल्प पत्र के 18 वायदों को पूरा किया है, वहीं 10 वायदे जल्द ही पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद सभी वायदे पूरे करते हुए काम को तीन गुणा तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनते ही सभी मेडिकल कॉलेज व पीजीआई में किडनी मरीज को निशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की है।

पट्टेदार किसान परिवारों को मालिकाना हक प्रदान किया है। इसके साथ-साथ 20 साल से पंचायती भूमि पर मकान बनाकर रह रहे लोगों को राहत देते हुए विधानसभा में एक्ट बनाकर उन्हें मालिकाना हक प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि 15 लाख महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। जबकि कांग्रेस की हिमाचल में सरकार आए ढाई साल हो गए हैं, वहां कांग्रेस ने आज तक भी महिलाओं को 1500 रुपये व 500 रुपये में गैस सिलेंडर के अपने वायदे को पूरा नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा पहला प्रदेश है, जहां किसानों की सभी फसलों को शत-प्रतिशत एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास धन की कमी नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में तीन गुणा गति से विकास कार्य करवाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा पर आरोप लगाया कि यमुना में जहर मिलाकर भेज दिया। उन्होंने दिल्ली के लोगों से कहा कि हरियाणा के लोग ऐसा काम नहीं कर सकते। हरियाणा के लोग स्वयं जहर पीकर दूसरे को अमृत पिलाने का काम करते हैं। वे स्वयं यमुना में गए और पानी पीया। यमुना माता व दिल्ली की जनता ने झूठ फैलाने वालों का सूपड़ा साफ कर दिया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ट्वीट मास्टर हो गए हैं। उन्हें सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित कार्य दिखाई नहीं देते। कांग्रेस नेता धरती पर क्या हो रहा है, देखने की बजाए केवल ट्वीट करते हैं। कांग्रेस पार्टी ट्वीट में उलझ कर रह गई।

इस अवसर पर सांसद नवीन जिंदल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## फैक्टर इन्वेस्टिंग में बढ़ते विश्वास के बीच मोमेंटम इंडेक्स फंड निवेशकों को कर रहे हैं आकर्षित



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**गुरुग्राम, 27 फरवरी।** फैक्टर-आधारित इंडेक्स फंड में बढ़ती रुचि के कारण मोमेंटम इन्वेस्टिंग काफी लोकप्रिय हुई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) अब 31 फैक्टर-आधारित इंडेक्स की पेशकश करता है, जिससे म्यूचुअल फंड की बढ़ती मांग स्पष्ट जाहिर होती है। फैक्टर इन्वेस्टिंग मोमेंटम, कम उतार-चढ़ाव और मूल्य जैसे लगातार रिटर्न तत्वों पर निर्भर करता है, जिससे निवेशकों को उन विशिष्टताओं वाले स्टॉक में निवेश करने में मदद मिलती है जो ऐतिहासिक रूप से रिटर्न को प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 सूचकांक, सामान्यीकृत मोमेंटम स्कोर के आधार पर चुनिंदा निफ्टी मिडकैप 150 सूचकांक के शीर्ष 50 शेयरों को ट्रैक करता है। पिछले चार महीनों में, बाजार में गिरावट आई है, अधिकांश प्रमुख सूचकांकों ने इस अवधि के दौरान नकारात्मक रिटर्न दिया है। बाजार में लगातार जारी उथल-पुथल के बावजूद, निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स को ट्रैक करने वाले इंडेक्स फंड्स में लगातार निवेश हो रहा है। टाटा निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड ऐसा ही एक फंड है जो मोमेंटम इन्वेस्टिंग के बढ़ते चलन को दर्शाता है। टाटा एसेट मैनेजमेंट में निष्क्रिय निवेश के प्रमुख, श्री आनंद वरदराजन ने कहा, मोमेंटम इन्वेस्टिंग निवेशकों को भावनात्मक पूर्वाग्रह दूर करते हुए मजबूत मूल्य रुझानों का लाभ उठाने में मदद करता है। टाटा निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड जोखिम और इनाम को संतुलित करते हुए फैक्टर इन्वेस्टिंग के लिए अनुशासित दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसके ट्रैक रिकॉर्ड और मिडकैप शेयरों के ऐतिहासिक लचीलेपन को देखते हुए, निवेशक संभावित दीर्घकालिक लाभ के लिए अपने पोर्टफोलियो का एक हिस्सा इस रणनीति में आवंटित करने पर विचार कर सकते हैं।

2024 में, डिजिटल और प्रत्यक्ष चैनलों के जरिये इस फंड में निवेश 199 शहरों से साल-दर-साल के आधार पर तीन गुना बढ़कर ₹500 करोड़ रुपये हो गया। दिल्ली में, 2024 में निवेश बढ़कर ₹27 करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जो 2023 में दर्ज ₹1.25 करोड़ रुपये के मुकाबले बहुत अधिक है, जबकि फंड में नए पैन पंजीकरण सिर्फ 15 से बढ़कर 169 हो गए। कोलकाता, बेंगलुरु और चेन्नई में भी इसी तरह का मजबूत निवेश और नए निवेशकों की भागीदारी देखी गई।

## एन.डी.पी.एस.एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार, 445 ग्राम गांजा पत्ती की बरामद

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 27 फरवरी।** बीती शाम थाना बुटाना की पुलिस टीम को 26.02.2025 को गस्त के दौरान एक विश्वनीय सूचना प्राप्त के आधार पर टीम द्वारा फलाई ओवर नजदीक लायन होटल नीलोखेडी करनाल से आरोपी रोमी पुत्र कमलजीत निवासी बरनाला पंजाब को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मौके पर 445 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई।

इस संबंध मे अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरक्षक सन्दीप कुमार ने बताया की आरोपी के खिलाफ एन.डी.पी.एस.एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आज आरोपी को माननीय अदालत के सम्मुख पेश किया गया। व मामले मे अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## भगवा त्रिशूल यात्रा 2025: भारत के प्राचीन मंदिरों का पुनरुद्धार और युवा शक्ति का जन-जागरण

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**नई दिल्ली, 27 फरवरी।** सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान और युवा पीढ़ी को भारतीय धरोहर से जोड़ने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा ऐप द्वारा भगवा त्रिशूल यात्रा का शुभारंभ होने जा रहा है। इस यात्रा का लक्ष्य केवल धार्मिक स्थलों का संरक्षण नहीं, बल्कि युवाओं को सनातन संस्कृति, भारतीय इतिहास और मंदिरों के आधुनिकीकरण की मुहिम से जोड़ना भी है। यह यात्रा 1 मार्च 2025 को प्रयागराज से प्रारंभ होकर 29 मार्च 2025 को दिल्ली में भव्य महासम्मेलन के साथ संपन्न होगी।


भगवा त्रिशूल यात्रा धार्मिक चेतना के साथ-साथ युवाओं को भारतीय संस्कृति, मंदिर प्रबंधन और आध्यात्मिक नेतृत्व से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के इस प्रयास में मंदिरों को डिजिटल तकनीकों से जोड़ने, ऑनलाइन दर्शन की सुविधा, युवाओं को धार्मिक पर्यटन एवं प्राचीन धरोहरों के संरक्षण में संलग्न करने जैसी योजनाएँ बनाई गई हैं। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा, भगवा त्रिशूल यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि यह युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और भारत की आध्यात्मिक धरोहर को संजोने का एक प्रेरणादायक अभियान है।

अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाए ने कहा, हमारा लक्ष्य प्राचीन शिवालयों को पुनर्जीवित कर उन्हें शैव शक्ति केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह पहल मंदिरों को न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनाएगी।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आईएमपीसी के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश यादव ने स्मार्ट सिटी का स्मार्ट मंदिर का नारा दिया। यह भगवा त्रिशूल यात्रा का आदर्श वाक्य होगा और इससे सभी हिंदुत्व के ध्वजवाहकों को लाभ मिलेगा। 'सिर्फ.त्रिशूल की स्थापना ही नहीं, बल्कि हम मंदिरों में सुविधाएं भी शुरू करेंगे'

यात्रा के माध्यम से 120 पवित्र त्रिशूल विभिन्न राज्यों के चयनित शिवालयों में प्रतिष्ठित किए जाएंगे। इस दौरान विशाल ट्रकों में त्रिशूल यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 50-100 वाहनों का काफिला भी शामिल होगा।भगवा त्रिशूल यात्रा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। श्रावण शिवरात्रि (6 जुलाई 2025) को इस यात्रा का भव्य समापन होगा, जब 120 पवित्र त्रिशूलों को प्राचीन शिवालयों में प्रतिष्ठित किया जाएगा।

## प्रभावी जन चेतना केंद्र बनेंगे सम्पूर्ण साक्षरता का आधार : कंवलजीत कौर



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** नवभारत साक्षरता मिशन के तहत चल रहे उल्लास कार्यक्रम की समीक्षा व भावी योजना के लिए जिला स्तरीय बैठक गुरुवार को पंचायत भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर मुख्य अतिथि रही, जबकि अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी सन्तोष शर्मा व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने की। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जो विकसित भारत के अपने का आधार बनेगी। हम उम्मीद कर सकते हैं कि जल्द भारत दुनिया के उन चुनिंदा राष्ट्रों की सूची में शामिल होगा जिनमें साक्षरता दर सौ प्रतिशत है। कोई भी निरक्षर नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में उल्लास के लिए जन चेतना केंद्र स्थापित किए गए हैं और प्रभावी जन चेतना केंद्र ही सम्पूर्ण साक्षरता का आधार बनेंगे। सभी को इस पुनीत कार्य की सफलता के लिए जी जान से प्रयास करना होगा। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने बताया कि उल्लास कार्यक्रम, भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है, इसका मकसद, समाज के सभी लोगों को पढ़ने-लिखने का मौका देना है जिसकी शुरुआत साल 2022 में हुई थी। यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के मुताबिक बनाई गई है जिसके तहत 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के उन लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाया जाता है जिन्हें सही स्कूली शिक्षा नहीं मिल पाई। इस अवसर पर बीईओ थानेसर इंदु ,बीईओ बाबैन सन्तोष चौहान,जिला परिषद के अनुभाग अधिकारी सत्यभूषण सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# वार्षिक उत्सव मे नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य कर संस्कृति व वेशभूषा की प्रस्तुति दी

## डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन




**हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी**
**रादौर, 27 फरवरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा ने बताया कि नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का विषयवस्तु स्पेक्ट्रम (रंगों की दुनिया, बच्चों की खुशी) था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य रमन कुमार शर्मा, समाजसेवी अरविंद रोहिला, राजेश शर्मा धनौरा, सुभाष कांबोज, डॉ एससी सैनी, डॉ बलदेव सैनी व गणमान्य जनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य के द्वारा भारत के अलग- अलग राज्यों की संस्कृति व वेशभूषा की प्रस्तुति दी गई। नर्सरी कक्षा व दूसरी कक्षा के बच्चों के द्वारा अतिथिगण का स्वागत किया।

वहीं नर्सरी कक्षा के बच्चों द्वारा पात्रों की ड्रेस पहन कर अभिनय किया गया। एलकेजी कक्षा के बच्चों द्वारा राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी, ऊंगली पकड़ कर तूने, दादी अम्मा मान जाओ व पंजाबी बोलियां पर अपनी प्रस्तुति दी। यूकेजी कक्षा के बच्चों के द्वारा चाईनीज व बॉलीवुड के गीतों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। प्रथम कक्षा के बच्चों ने बंगाली व गुजराती गीतों के माध्यम से नृत्य कर राज्यों की संस्कृति व वेशभूषा को प्रस्तुत किया। वहीं दूसरी कक्षा के बच्चों ने बोलियां व गिद्दा प्रस्तुत कर आए हुए सभी दर्शकों का मन मोह लिया जिससे खुश होकर आए हुए अतिथियों ने बच्चों के अभिनय की प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रमन शर्मा ने कहा कि छोटे छोटे बच्चे देश की धरोहर है, कल के भारत का भविष्य इन्हीं बच्चों पर निर्भर है, बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार देना भी अति आवश्यक है, इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे में प्रतिभा का विकास होता है, वहीं बच्चे माता पिता व दादा दादी के प्रति कर्तव्य को भी सीखते हैं। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अभिभावकों व अतिथियों का स्कूल प्रबंधन के द्वारा धन्यवाद किया गया।

## हटाए गए होमगार्ड जवानों की वापसी को लेकर सौंपा ज्ञापन



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 27 फरवरी।** ऑल इंडिया होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रपाल तंवर की अध्यक्षता में नौकरी से हटाए गए जवानों की बहाली के लिए एक बार फिर उपायुक्त पंचकुला के माध्यम से देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस सिलसिले में प्रदेशाध्यक्ष चंद्रपाल तंवर, प्रवक्ता विनोद कुमार अटवाल, नरेंद्र शर्मा मीडिया प्रभारी, सुनील अग्रोहा, राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। सरकार द्वारा उनकी मांगों के प्रति संजीदगी नहीं दिखाई जा रही है। इसी को देखते हुए आगामी माह में पंचकुला में एकत्रित होकर आगामी कार्यक्रम की रणनीति तय की जाएगी और अन्य जिलों में भी मीटिंग कर ज्ञापन दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जवान पिछले 20 सालों से संघर्ष कर रहे हैं। वहीं फतेहाबाद के जिला उप प्रधान नरसी राम और कुलदीप ढिल्लों ने बताया कि जब तक अकारण हटाए गए जवानों की वापसी नहीं होती, उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# मौसम में हुआ परिवर्तन, दिनभर रुक-रुककर हुई बूंदाबांदी

## बूंदाबांदी और शीतलहर ने बढ़ाई ठंडक, आज भी बारिश की संभावना



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। वीरवार को पूरा दिन आसमान में काले बादल छाए रहे। अल सुबह से शुरू हुई बूंदाबांदी रुक-रुक कर दिनभर जारी रही। वही शीतलहर चलने से एक बार फिर ठंडक का एहसास हुआ। शाम तक हल्के बादल छाए रहे तो तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिले में वीरवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। वहीं शुक्रवार को बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है। शुक्रवार को अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान जताया जा रहा है। उधर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ कर्मचंद का कहना है कि बारिश का बने मौसम का गेहूं की फसल में फायदा होगा। फिलहाल गेहूं की फसल को ठंडक की जरूरत है। इससे उत्पादन पर सकारात्मक असर पड़ेगा। वहीं कृषि वैज्ञानिक डॉ.सीबी सिंह ने कहा कि गर्मी का सीजन शुरू होने जा रहा है तो सेहत की दृष्टि से सब्जियों का सेवन काफी लाभकारी है। कृषि विशेषज्ञों ने भी माना है कि मौसम के बदलाव से ठंड के बाद अब तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिससे किसानों की चिंता थोड़ी बढ़ गई है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह के अनुसार वैसे तो अभी गेहूं की पैदावार में बेहतर अंकुरण और अच्छी ग्रोथ देखने को मिल रही है, जो संभावित रूप से अधिक उत्पादन की ओर इशारा है।

# अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसे : अतिरिक्त उपायुक्त

## कहा: अवैध खनन करने वालों पर आम जनता रखे नजर और प्रशासन को दे सूचना

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 27 फरवरी।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने एनफोर्समेंट शाखा के एसएचओ को निर्देश दिये कि अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और उनके वाहन भी जब्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा जाए और खनन विभाग की ओर से संबंधित को नोटिस जारी किए जाएं और रिकवरी के लिए प्लैंटी भी लगाई जाए। अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने एनफोर्समेंट एसएचओ से अवैध खनन को लेकर दर्ज की गई एफआईआर में आगे की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर आगे कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों पर आम जनता नजर रखे और इसकी सूचना प्रशासन को दे। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के मामले में जब्त किए गए वाहनों में से सुपरदारी के बाद शेष वाहनों का निपटारा भी जल्दी करवाएं।

उन्होंने कहा कि जहां जहां अवैध खनन की शिकायतें मिलती है ऐसे स्थानों पर पुलिस विभागों के साथ-साथ खनन विभाग के अधिकारी भी अपनी पैनी नजर रखें और उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं। इस मौके पर जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक जिले में अवैध खनन के मामले में 141 वाहनों को जब्त किया गया जिनमें से 26 वाहनों को सुपरदारी पर तथा 4 वाहनों को अपील पर छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2024 से लेकर गत माह तक जब्त किए गए 141 वाहनों से जुमार्ने के रूप में 47 लाख 14 हजार 327 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

इस मौके पर करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी, सिंचाई विभाग के एसडीओ रमेश कुमार तथा एनफोर्समेंट इंस्पेक्टर एसएचओ आदि मौजूद रहे।

# नपा चुनाव की आड़ में राजनीति का गंदा खेल, प्रभावी उम्मीदवारों से सांठगांठ कर चुनावी समीकरण प्रभावित कर रहे डमी उम्मीदवार

## -चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में मतदाताओं को लुभाने में जुटे प्रत्याशी, रूठो को मनाने का दौर जारी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 27 फरवरी।** नगरपालिका चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में सभी उम्मीदवारों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है तथा रूठों को मनाने का दौर जारी है। नपा चुनाव प्रचार के लिए शुक्रवार सांय प्रचार बंद हो जाएगा ऐसे में सभी प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। चेयरमैन पद के उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को रोजाना नए नए विकास के दावों के रूप में सुनहरे सपने दिखाए जा रहे है तथा अपनी उपलब्धियों व प्रयासों की जानकारी भी मतदाताओं को देकर उन्हें प्रभावित करने में जुटे है। मतदाता भी प्रत्याशियों को हाथों हाथ वोट व समर्थन का भरोसा दे रहे है परंतु कुछ समय बाद ही दूसरे दल के प्रत्याशी के गांव में आने के बाद यहीं सिलसिला उस के साथ भी पुनः दोहरा दिया जाता है। मतदाताओं का यह रुख उम्मीदवारों के गले नहीं उतर रहा तथा वे असमंजस में नजर आ रहे है। वहीं दूसरी ओर चुनाव के समय लोग अपने व पराए के साथ जातिगत समीकरणों में भी उलझे नजर आ रहे है। लोहारू नगर में सबसे अधिक सैनी मतदाता है परंतु सैनी समाज से आधा दर्जन उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। वहीं कुछ उम्मीदवार स्थिति का आकलन कर सबसे प्रभावी उम्मीदवार से सौदेबाजी की फिराक में नजर आ रहे है। ऐसे उम्मीदवारों को लेकर दिनभर चचाएं जारी है। इनमें अधिकांश वे प्रत्याशी है जिन्होंने चेयरमैन पद के लिए नामांकन तो कर दिया परंतु चुनाव प्रचार से दूर ही रहे। वे अन्य उम्मीदवारें के साथ प्रचार में नजर आ रहे है। ऐसे में चचाएं जोरों पर है कि वे सौदेबाजी की फिराक में है। वहीं चुनावी रण को पार करने के लिए प्रभावी उम्मीदवार भी ऐसे दावेदारों को अपने पक्ष में लाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे व साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपनाने से भी परहेज नहीं कर रहे।

**नपा चुनाव की आड़ में राजनीति का गंदा खेलः-**

नपा चुनाव में पहली बार चेयरमैन पद का सीधा चुनाव होने जा रहा है। चेयरमैन पद के लिए 17 दावेदार मैदान में है लेकिन चुनाव प्रचार में सक्रियता की बात करें तो इनमें से केवल आधे उम्मीदवार ही चुनाव प्रचार व अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए मशक्कत कर रहे है।

बाकी उम्मीदवार या तो चुनाव प्रचार से गायब है या किसी न किसी प्रत्याशी के डमी कैंडिडेट के रूप में मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे है। ऐसे में चुनावी उत्सव की आड में राजनीति के गंदे खेल की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा। चुनाव में जातिगत समीकरण साधने के लिए उम्मीदवार मैदान में है जो किसी न किसी उम्मीदवार के लिए परेशानी का सबब बने है तो किसी को फायदा पहुंचा रहे है। इन दावेदारों में वे लोग अधिक सक्रिय है जो अपने समाज व वार्ड में थोड़ा बहुत जनाधार रखते है तथा वे इसी का फायदा उठाकर चुनावी रण में प्रभावी उम्मीदवारों को खेल बिगाड़ने की चेतावनी देकर उसकी सेवा लेने में कामयाब हो जाते हैं। मजे की बात तो इनके इस खेल की अधिकांश लोगों को जानकारी होने के बावजूद ये कुछ वोट हासिल कर या काटकर चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर रहे है। ऐसे उम्मीदवार अन्य प्रभावी उम्मीदवारों की सांठगांठ से चुनाव में डटे हुए है परंतु जनता पूरी जागरूकता के साथ ऐसे उम्मीदवारों की पहचान कर उन्हें सबक सिखाने के मूड में नजर आ रही है।

## डीएलएसए द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 को

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 8 मार्च 2025 को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 8 मार्च को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण कर सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

## डीएलएसए ने लगाया हैल्प डेस्क



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 8 मार्च को होने वाली लोक अदालत के बारे में जागरूक करने के लिए कोर्ट कॉम्पलेक्स, लघु सचिवालय, उपभोक्ता फोरम में हेल्प डेस्क लगाया गया है । उन्होंने कहा कि डीएलएसए के पीएलवी द्वारा लोगों को पंपलेट देकर लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस हैल्प डैस्क का उद्देश्य है लोगों में जागरूकता लाना है ताकि अधिक से अधिक लोगों को अदालत के बारे में जागरूक किया जा सके।

फोटो परिचय

## वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार, एक मोटरसाईकिल बरामद

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 27 फरवरी।** करनाल पुलिस थाना करनाल शहर की टीम द्वारा दिनांक 26.02.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी करके मेरठ रोड नजदीक मारुती शोरुम करनाल से आरोपी खेमचंद पुत्र हुकम चंद निवासी गांव गंगोली अलवर राजस्थान को मौके पर कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल सहित गिरफतार किया। अनुसंधान अधिकरी उप निरक्षक सुखबीर सिंह ने बताया कि आज आरोपी को माननीय अदालत के सामने पेशकर जेल भेज दिया गया।

## सेप्ट यूनिवर्सिटी ने यूजी और पीजी कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किये


**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**गुरुग्राम, 27 फरवरी।** सेप्ट यूनिवर्सिटी में प्रौद्योगिकी संकाय (एफटी), जिसे पहले स्कूल ऑफ बिल्डिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसबीएसटी) के रूप में जाना जाता था, वर्ष 2025 के लिए अपने यूजी और पीजी कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

सिविल इंजीनियरिंग, बिल्डिंग एनर्जी परफॉरमेंस, जियोमैटिक्स, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग डिजाइन और कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के लगातार विकसित हो रहे क्षेत्रों की आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एफटी अपने समस्या-समाधान और परिणाम आधारित शिक्षाशास्त्र के लिए प्रसिद्ध अद्वितीय इंजीनियरिंग कार्यक्रम प्रदान करता है। यह दृष्टिकोण, स्टूडियो-आधारित परियोजनाओं के माध्यम से व्यावहारिक सीखने पर जोर देने के साथ, स्नातकों को उन कौशल और ज्ञान से लैस करता है, जिनकी तेजी से विकसित हो रहे शहरी बुनियादी ढांचे और निर्मित वातावरण क्षेत्रों में उद्योग अग्रणियों द्वारा अत्यधिक मांग की जाती है।


प्रोफेसर आनल शाह, डीन, प्रौद्योगिकी संकाय, सेप्ट यूनिवर्सिटी का कहना है कि सेप्ट के एम टेक प्रोग्राम्स में इंजीनियरिंग और वैज्ञानिक सिद्धांतों के अनुप्रयोग के द्वारा हम बिल्डिंग एवं बिल्ट एनवायरनमेंट से संबंधित डिजाइन समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करते हैं। ये समस्याएँ समाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए, दिन-प्रतिदिन और अधिक जटिल होती जा रही हैं सेप्ट यूनिवर्सिटी डोमेन विशिष्ट विषयों से परे अपने एम.टेक. कार्यक्रमों में डिजाइन और नवाचार और आलोचनात्मक सोच के विचारों को शामिल करने में विश्वास करती है।

जिन छात्रों को इस सहायता की आवश्यकता है, उनके लिए सेप्ट यूनिवर्सिटी ने प्रवेश से पहले और प्रवेश के बाद साधन और योग्यता-आधारित स्कॉलरशिप शुरू की हैं। इसके अलावा, सेप्ट के पूर्व छात्रों द्वारा मेधावी छात्राओं के लिए समर्पित तीन अन्य छात्रवृत्तियाँ भी शुरू की गई हैं।

## गीता निकेतन विद्या मंदिर में हुआ आशीर्वाद समारोह



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वावधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 में कक्षा अष्टम के छात्रों का आशीर्वाद समारोह हुआ। जिसमें विद्यालय अध्यक्ष कर्नल एस.एन. शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधक गुलशन कुमार ग्रोवर मौजूद रहे। प्रातः हवन यज्ञ में आहुति के साथ आशीर्वाद समारोह का शुभारंभ हुआ। छात्रों के मंगल भविष्य की शुभकामनाएं की गई। कर्नल एस.एन. शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आशीर्वाद समारोह एक महत्वपूर्ण अवसर है। छात्र अपने शिक्षकों का आशीर्वाद लेते हैं, शिक्षक उन्हें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय प्रबंधक गुलशन कुमार ग्रोवर ने छात्रों का आशीर्वाद दिया एवं कहा कि जहां भी जाएं संस्कारों को साथ लेकर चलें, जो बच्चे अपने गुरुजनों और माता-पिता का आदर करते हैं ,वही जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। कक्षा में ध्यान पूर्वक पढ़ना है और अपने लक्ष्य को निर्धारित करके चलना। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने अपने आशीर्वचनों में छात्रों को कहा कि विद्यालय से मिले संस्कारों को अपने जीवन में अपना कर हमेशा आगे बढ़ना है एवं विद्यालय से हमेशा जुड़े रहना है। भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो बिना किसी संकोच के विद्यालय में आए, आपका हर संभव सहयोग किया जाएगा।




# श्री श्याम फाल्गुन मेला 2025

(दिनांक 28 फरवरी से 11 मार्च 2025 तक)

## सुगम व सुलभ आवागमन






**कुल 650 बसें, 62 ट्रेन व 10 मेला स्पेशल ट्रेन, 50 शटल बस एवं 400 ई-रिक्शा**

- जयपुर-सीकर हाईवे से आने वाले छोटे वाहन मण्डा होते हुए 52 बीघा पार्किंग में प्रवेश और शाहपुरा कट से निकास
- जयपुर-सीकर हाईवे से आने वाले बडे वाहन यथा कॉन्ट्रेक्ट बस, ट्रेक्टर-ट्रॉली व मिनी बस पलसाना रोड़ से होते हुए सांवलपुरा पार्किंग स्थल तक व निकास अलौदा गोवटी रोड़
- जयपुर रेनवाल रोड़ से आने वाले सभी प्रकार के वाहन सीतारामपुरा जोहड़ी पार्किंग स्थल तक
- रींगस से खाटू रोड़ केवल पैदयात्री मार्ग। इस रोड़ से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित

**नोट : सभी पार्किंग स्थलों से ई-रिक्शा सुविधा उपलब्ध**

## चिकित्सा सुविधा



- 10 मेडिकल कैम्पस, 3 कंटीजेन्सी अस्पताल लखदातार ग्राउण्ड, लामिया तिराया व अलौदा तिराया जिसमें निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार व्यवस्था
- 25 एम्बुलेंस जिसमें से 08 एम्बुलेंस मंदिर प्रन्यास द्वारा

## सफाई व्यवस्था



- सफाई व्यवस्था हेतु 600 सफाई कर्मी एवं कचरा निस्तारण हेतु 24 ट्रेक्टर व ट्रॉली जिनकी 24x7 सेवायें
- 300 स्थायी शौचालयों का निर्माण व 382 कैमिकल टॉयलेट व 141 युरिनल की व्यवस्था

## रोशनी व्यवस्था



- 41 स्थानों पर अस्थाई अतिरिक्त विद्युत कनेक्शन, 30 साउण्ड प्रुफ जनरेटरों की व्यवस्था

## सुरक्षा व्यवस्था





- मेला क्षेत्र में कुल 10000 सुरक्षाकर्मी, होमगार्ड, सिक्योरिटी गार्ड एवं स्वयं सेवक
- कुल 22 पुलिस सेक्टर व 9 प्रशासनिक सेक्टर
- सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 400 से अधिक CCTV कैमरों व 06 ड्रोन से निगरानी
- 14 दर्शन कतारों में DFMD व बैगेज स्केनर मशीन से सुरक्षा जाँच
- 20 पुलिस व प्रशासन सहायता केन्द्र

## मंदिर दर्शन व्यवस्था




- खाटू तौरण द्वार डायवर्जन से चारण खेत होते हुए लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर
- मांगीराम धर्मशाला से होते हुए रौलानियों की ढ़ाणी से होते हुए लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर
- जयपुर रेनवाल से आने वाले भक्तगण सीताराम पुरा जोहड़ी होते हुए चारण खेत लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर

## पेयजल व्यवस्था



- पर्याप्त पेयजल व्यवस्था 1 करोड़ से अधिक पानी के पाऊच, 20 पानी के टेंकर, 2000 लीटर क्षमता की 25 पानी की टंकियाँ व 06 स्थानों पर जल मंदिर निर्माण

## विशेष सूचना

1. मेला अवधि में वी.आई.पी. दर्शन की सुविधा पूर्णत: बन्द रहेगी।
2. डी.जे. पूर्णत: प्रतिबन्धित रहेगा।
3. इत्र की शीशी व काँटेदार फूल मंदिर में साथ लेकर आना वर्जित है।
4. निशान/ध्वजा 8 फिट से अधिक उँचाई की नहीं हो।
5. किसी भी वाहन को पार्किंग से खाटू कस्बे में आने की अनुमति नहीं होगी। खाटू कस्बा मेला अवधि में नो-व्हीकल जोन घोषित।



**पृथ्वी सिंह चौहान**
अध्यक्ष



**मानवेन्द्र सिंह चौहान**
मंत्री



**कालू सिंह चौहान**
कोषाध्यक्ष

**भक्तों की राह सुगम और सुलभ करने के लिए मंदिर प्रन्यास एवं प्रशासन की ओर से नवाचार**

नियन्त्रण कक्ष एवं मेला संबंधी जानकारी के लिए स्केन करें

**ट्रस्टी : गोपाल सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह चौहान, इंद्र सिंह चौहान, राजवेन्द्र सिंह चौहान**

**श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) खाटूश्याम जी, जिला- सीकर (राज.)**

## संपादक की कलम से

# फडणवीस-शिंदे के बीच बढ़ती दरार से महायुति की स्थिरता पर सवाल

किसी को यह समझने में मुश्किल नहीं होनी चाहिए कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनके द्वारा विस्थापित पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच दरार बढ़ती जा रही है। फडणवीस अभी महाराष्ट्र के वर्तमान उपमुख्यमंत्री भी हैं और वह मुख्यमंत्रियों के खिलाफ जाने के लिए हमेशा तैयार ही रहते हैं जैसा कि उन्होंने उद्धव बालासाहेब ठाकरे जैसे नेता के मुख्यमंत्रित्व काल में किया था। क्या यह एक बेतुकी बात होगी, जो मूल मुद्दे से भटकती है, कि मुंबई शहर में सब कुछ ठीक नहीं है, जहां जल्द ही निकाय चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपनी कमर कस लेनी चाहिए। मीडिया ऐसा दिखा रहा है जैसे शिंदे खलनायक हैं और फडणवीस एक चमकता हुआ योद्धा। शिंदे को 'हमारे बीच 'ठंडा ठंडा, कूल कूल' रिश्ता है' जैसे बेतुके बयान देने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जैसे कि यह कोला का विज्ञापन हो! सच तो यह है कि शिंदे द्वारा किसी भी दरार से इनकार करना उन 'अफवाहों' के खिलाफ है कि महायुति आंतरिक कलह की चपेट में है और सत्ता परिवर्तन की जरूरत है। फिर किसी तुलना से बचने के लिए, शिंदे ने कहा कि अगर उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते, तो आज शिवसेना एक इकाई होती। पुरानी यादें उपमुख्यमंत्री को मार रही हैं और मुख्यमंत्री में इतनी हिम्मत नहीं है कि वे अपने डिप्टी को पीछे हटने के लिए कह सकें। ऐसा कुछ तो उन्हें विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के समय करना चाहिए था। मौजूदा दरार के लिए किसे दोषी ठहराया जाना चाहिए? भाजपा के शीर्ष पर तंबू फैलाये ऑक्टोपस को? वह व्यक्ति जिसका नाम नहीं लिया जा सकता या जिसे बेबाक मजाक का निशाना नहीं बनाया जा सकता? वह व्यक्ति जिसे महाराष्ट्र की जीत की तरह दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का श्रेय लेने के लिए चुना गया था? महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए भाजपा को शिंदे सेना की जरूरत नहीं थी और पहले तो उपमुख्यमंत्री की जरूरत ही नहीं थी, दो की तो बात ही छोड़िए! मुख्यमंत्री फडणवीस समेत हर कोई जानता है कि भाजपा में कौन फैसला लेता है, किसे फैसला लेने की इजाजत है। यह भी हर कोई जानता है कि एक व्यक्ति वाली भाजपा नेतृत्व में तानाशाही की प्रवृत्ति है। सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं, जो आधुनिक समय की समकालीन राजनीति में बोला जाने वाला सबसे बड़ा झूठ है। उदाहरण के लिए, यह भ्रामक बयान कि भाजपा विधायकों ने बैठक की और रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने का फ़ैसला लिया! दिल्ली के मुख्यमंत्री को पदभार ग्रहण करते ही जो एक बड़ा फैसला लेना चाहिए था, वह पहले ही छीन लिया गया था, यानी 'यमुना की सफाई' मिशन, जिसे दिल्ली के उपराज्यपाल ने 'रेखा गुप्ता' के लॉन्च से ठीक पहले लॉन्च किया था- मुख्यमंत्री गुप्ता अब झाग उड़ते हुए देख सकती हैं! यमुना नदी तट पर विकास कार्य में यमुना को साबरमती नदी तट के बराबर खड़ा करने की क्षमता है, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को झूले पर घुमाया था, जिसे शी आज भी अच्छी तरह याद रखेंगे। यह उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच दरार से ध्यान हटाने के लिए नहीं है, जो कि कोई बड़ी घटना नहीं थी, अगर फडणवीस आलाकमान के दबाव में आकर शिंदे सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट के साथ सत्ता साझा करने के लिए सहमत नहीं होते। फिर शिंदे भाजपा के पिछलग्गू की तरह व्यवहार भी नहीं कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अपनी खुद की यात्रा की योजना बनाने में व्यस्त हैं। शिंदे सेना के सांसदों, शिंदे सेना के विधायकों और शिंदे सेना पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शिंदे अपनी सेना की रणनीति तैयार कर रहे हैं। शिंदे ने भाजपा नेतृत्व की किताब से सीख लेते हुए एक समानांतर व्यवस्था स्थापित की है, जिसका उदाहरण मंत्रालय में एक चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ है, जो शिंदे की पहल है, जो आम तौर पर 'लोगों की मदद करने' के लिए है। इस पर कौन आपत्ति करेगा? 'उपमुख्यमंत्री का चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ पहले भी स्थापित किया गया था। यह मुख्यमंत्री के चिकित्सा राहत कोष प्रकोष्ठ के साथ समन्वय करेगा और गरीब और जरूरतमंद मरीजों की मदद करेगा। इसलिए काम का दोहराव नहीं है। केवल एक सीएम वार-रूम है। अब भी प्रमुख परियोजनाओं को वार रूम से आगे बढ़ाया जायेगा।' क्या यही है, फडणवीस और शिंदे के बीच तथाकथित दरार? इसमें छिपे हुए तत्व होने चाहिए। शायद शिंदे नहीं चाहते कि उनके समर्थक उद्धव बालासाहेब ठाकरे की सेना में वापस चले जायें या, क्या इसका संबंध आगामी मुंबई नगर निगम चुनावों से है।

# इन मसालों में लजीज भोजन का छिपा है राज, स्वास्थ्य के लिए भी असरदार

**नई दिल्ली।** भारत को 'मसालों का देश' कहते हैं। हमारी रसोई की आन,बान और शान हैं ये मसाले। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम भारत तक इनकी महक फैली हुई है। अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संघ (आईएसओ) की सूची में शामिल 109 में से करीब 75 भारत में ही पैदा किए जाते हैं। हमारे बाद तुर्किए फिर बांग्लादेश का नंबर आता है। मसाले न केवल स्वाद और खुशबू बढ़ाते हैं, बल्कि ये सेहत के लिए भी नेमत हैं। कुछ गरम मसाले ऐसे हैं जिन्हें हम भारतीय सुपर मसाले कहते हैं।

यहां हम आपको पांच ऐसे सुपर मसालों के बारे में बताएंगे, जो आपके स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही, इन नायाब मसालों से भोजन भी लजीज बनता है।

जायफल न केवल एक शानदार स्वाद देता है, बल्कि यह सेहत के लिए भी अच्छा है। जायफल का सेवन नींद की समस्या से राहत दिलाता है और मानसिक शांति प्रदान करता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और गैस, अपच जैसी समस्याओं से भी छुटकारा दिलाता है।

दालचीनी न केवल स्वाद बढ़ाने के लिए प्रयोग होती है, बल्कि इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। यह रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) को नियंत्रित करने में मदद करती है और दिल की सेहत को भी लाभ पहुंचाती है। इसके सेवन से वजन नियंत्रण में भी मदद मिलती है।

रसोई के दूसरे मसालों पर नजर डालें तो काली मिर्च गुणों की खान है। काली मिर्च को "मसालों का राजा" कहा जाता है। यह मसाला न केवल रसोई का अहम हिस्सा है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहद फायदेमंद है। काली मिर्च का इस्तेमाल कई तरह के व्यंजनों में मसाले के तौर पर किया जाता है। वहीं, इसका इस्तेमाल आयुर्वेदिक औषधि के तौर पर भी किया जाता है। काली मिर्च पाचन को दुरुस्त रखने में मदद करती है। साथ ही, काली मिर्च में मौजूद विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। अगर आपके दांत में दर्द हो रहा है, तो काली मिर्च के इस्तेमाल से राहत मिल सकती है। यह दिल को स्वस्थ रखने में भी मदद करती है। इसका सेवन करने से वजन कम करने के साथ-साथ त्वचा भी स्वस्थ रहती है। काली मिर्च को भुनी हुई सब्जियों, ग्रिल्ड मीट या तले हुए अंडों पर छिड़ककर स्वाद को भी बढ़ाया जा सकता है। साथ ही, सूप, सॉस में काली मिर्च का इस्तेमाल किया जा सकता है।

लौंग की बात करें तो इसे चाय और भोजन से लेकर कई चीजों में इस्तेमाल किया जाता है। लौंग में हाई मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो इसे खास बनाते हैं। नियमित तौर पर लौंग का सेवन करने से यह आपको बैक्टीरिया और वायरस से बचाएगी। यह मसाला मुंह की सेहत के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि यह बैक्टीरिया को खत्म करता है और दांतों के दर्द में राहत पहुंचाता है। इसके अलावा, लौंग से पाचन क्रिया भी बेहतर होती है।

जीरा भारतीय व्यंजनों में प्रमुखता से इस्तेमाल होता है। जीरे का स्वाद और खुशबू किसी भी व्यंजन में चार चांद लगा देती है। इसे दाल, करी, सब्जियों और चटनी के साथ इस्तेमाल किया जाता है। जब जीरा को अन्य मसालों जैसे धनिया, हल्दी, या मिर्च के साथ मिलकर उपयोग किया जाता है, तो यह एक खास ताजगी और मसालेदार स्वाद देता है।

# ट्रम्प के सामने घुटने न टेके भारत

**- जगदीश रत्तनानी**

यदि राष्ट्र के पास एक ऐसी विदेश नीति हो जिस पर सभी दल सहमत हों, उसे अपना सकें और राजनीतिक विभाजनों से परे भारतीय आम सहमति के रूप में पेश कर सकें तो मोदी और भारत को इसमें मदद मिलेगी । इसके लिए भाजपा को कांग्रेस एवं अपने पक्ष के अन्य दलों की जरूरत है जो ट्रम्प के सामने मजबूत, स्पष्ट और विशिष्ट मांगों का एक सेट रखें।



दुनिया को फिर से ठीक-ठाक करने के अपने बेतुके प्रोजेक्ट को अंजाम देने में व्यस्त अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की है। इस तरह ट्रम्प के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मिलने वाले कुछ नेताओं में मोदी शामिल हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस मुलाकात पर कहा- ' यह स्पष्ट हो गया कि मोदी ट्रम्प को खुश करने वाले नवीनतम नेता थे।'

आत्ममुग्ध, अहंकारी, यहां तक कि आत्मकेंद्रित के रूप में वर्णित एक शक्तिशाली विश्व नेता को खुश करने में सिद्धांत रूप में कुछ भी गलत नहीं है। तो भी खुश करने की यह कोशिश उन स्थितियों और नीतियों के अति उत्साही समर्थन से अलग है जिन्होंने दुनिया भर में कई सवाल एवं चिंताएं खड़ी की हैं। भारत ने ट्रम्प की प्रशंसा एक प्रेरक नेता के रूप में की लेकिन यह सब कहीं न कहीं अलग क्षेत्र में चला गया जब 'विस्किट भारत' (विकसित भारत) का विचार 'मेगा' (एमएजीए 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का मतलब-'अमेरिका को फिर से महान बनाओ') की राजनीति की भाषा में बदल गया। मोदी ने इसे इस तरह व्यक्त किया- 'अगर मैं अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब है 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' यानी 'मिगा'- एमआईजीए। जब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत एक साथ काम करते हैं यानी 'मेगा जब 'मिगा' से जुड़कर काम करेगा तो समृद्धि के लिए 'मेगा' साझेदारी बनती है तथा यह मेगा भावना हमारे लक्ष्यों को नया पैमाना एवं दायरा देती है।'

यह अतिशयोक्तिपूर्ण भाषा इस तथ्य के बावजूद आई कि मोदी के साथ बैठक से कुछ घंटे पहले ही ट्रम्प ने बिना किसी हिचकिचाहट के पारस्परिक टैरिफ की घोषणा की जिसका स्पष्ट रूप से भारत पर असर पड़ेगा। ट्रम्प ने वास्तव में मोदी के साथ अपनी टिप्पणी में टैरिफ को रेखांकित करते हुए भारत को 'दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ वाला देश' कहा और कहा कि 'भारत जो भी शुल्क लेगा, हम उससे वसूलेंगे।' यह विशेष रूप से आश्चर्यजनक नहीं है। यह हमेशा स्पष्ट था कि ट्रम्प अपने नियमों के अनुसार खेलेंगे और जैसा उन्होंने अन्य देशों के साथ किया है, वे भारत को दबाव में डालेंगे। उनके कुछ तरीके उनकी पुस्तक 'आर्ट ऑफ द डील' में बताए गए सरल विचारों पर आधारित हैं- एक अहंकारी रियल एस्टेट डेवलपर की मैनुअल जिसे अन्य क्षेत्रों और स्वयं जीवन में लागू करने के लिए बनाया गया है। 1997 में आई इस पुरानी किताब के अध्याय- 2 को 2005 में एक बड़े बाजार संस्करण में पुनः प्रकाशित किया गया जिसका शीर्षक है 'ट्रम्प काड्सः द एलिमेंट्स ऑफ द डील'। किताब इस प्रकार शुरू होती है- 'सौदा करने का मेरा तरीका काफी सरल व सीधा है। मैं बहुत ऊंचा लक्ष्य रखता हूं और फिर मैं बस जो चाहता हूं उसे पाने के लिए जोर लगाता रहता हूं। कभी-कभी मैं जितना चाहता हूं उससे कम पर समझौता कर लेता हूं लेकिन ज्यादातर मामलों में मुझे फिर भी वही मिलता है जो मैं चाहता हूं।'

अमेरिकी विदेश नीति हमेशा अमेरिकी हितों के बारे में रही है जो अल्पकालिक और एक साधन द्वारा चिह्नित है, जिसमें खुलेपन, लोकतंत्र या शांति के सिद्धांतों के कई खोखले दावे हैं। अब मुखौटा गिर गया है, मूल्यों का ढकोसला खत्म हो गया है और ताकत का नंगा खेल शुरू हो गया है। आगे बढ़ने की उम्मीद करते हुए भारत को इस साझेदारी को ध्यान से नेविगेट करने की आवश्यकता होगी और इसलिए भारत को पूछने व रेडलाइन तथा गैर-परक्राम्य की अपनी सूची के साथ तैयार रहना होगा। संक्षेप में कहें तो ट्रम्प के खेलने के तरीके का उपयोग ट्रम्प के खिलाफ ही करना होगा।

यदि राष्ट्र के पास एक ऐसी विदेश नीति हो जिस पर सभी दल सहमत हों, उसे अपना सकें और राजनीतिक विभाजनों से परे भारतीय आम सहमति के रूप में पेश कर सकें तो मोदी और भारत को इसमें मदद मिलेगी । इसके लिए भाजपा को कांग्रेस एवं अपने पक्ष के अन्य दलों की जरूरत है जो ट्रम्प के सामने मजबूत, स्पष्ट और विशिष्ट मांगों का एक सेट रखें बजाय इसके कि वे दूसरे पक्ष की हर मांग के आगे झुक जाएं।

लेकिन विदेशी मामलों में भी राजनीतिक कटुता आ गई है। नौकरशाह से विदेश मंत्री बने एस. जयशंकर ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से कटाक्ष करके इसमें कुछ इजाफा किया है जो जाहिर तौर पर द्विदलीय समर्थन की कीमत पर भाजपा तथा प्रधानमंत्री के साथ उनकी स्थिति को सुरक्षित करता है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा अमेरिका में अनधिकृत भारतीयों को निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू करने के तरीके की औपचारिक और सार्वजनिक रूप से निंदा करने के लिए इस तरह की कटुता के बिना भी सर्वदलीय आम सहमति बनाना मुश्किल नहीं होना चाहिए था।

निर्वासन आदेशों के तहत भारतीय नागरिकों को भेजने के लिए सैन्य विमान का उपयोग और अमेरिकी एजेंसियों द्वारा एक वीडियो में जंजीरों में बंधे भारतीय नागरिकों का वीडियो विधिवत प्रचारित करने का कृत्य अनुचित तथा भारतीय नागरिकों के सम्मान और अधिकारों की कीमत पर भारत की नकारात्मक छवि दिखाने की कोशिश करता है। यह चौंकाने वाली बात है कि भारतीयों के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जा रहा है जैसा वेनेजुएला के कुछ गिरोह के सदस्यों के साथ हो रहा है और जिन्हें 'बेहद खतरनाक व आपराधिक अवैध एलियंस' कहा जाता है तथा जिन्हें क्यूबा में अमेरिका संचालित कुख्यात ग्वांतानामो बे जेल शिविरों में भेज दिया गया है।

भारतीयों के साथ ऐसा व्यवहार करने के लिए भारत को अमेरिका की निंदा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने इस पर खुलकर बात न करने का फैसला किया। हालांकि उन्होंने बताया कि गरीब लोगों को गुमराह कर अपने जाल में फंसाने वाले और सीमाओं के पार अवैध रूप से लोगों की तस्करी में मदद करने वाले गिरोहों पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह सही स्थिति है। लेकिन अगला तार्किक कदम यह होगा कि अमेरिका से कहा जाए कि वह बिना दस्तावेज वाले भारतीयों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार न करें या वापस भेजते समय उन्हें बेड़ियों में न डालें।

लेकिन ऐसा नहीं हुआ और भारतीय विदेश मंत्री को पहले यह कहते हुए उद्धृत किया गया था कि स्तरीय 'यह अमेरिका के लिए सामान्य प्रक्रिया है।' उन्होंने कहा कि निर्वासितों को हटाने के लिए विमानों के उपयोग संबंधी 'आईसीई (अमेरिका के आव्रजन और ग्राहक प्रवर्तन) की मानक संचालन प्रक्रिया 2012 से प्रभावी है। यह बयान तकलीफ में पड़े लोगों की कैसे मदद कर सकता है? आम भारतीयों के साथ हुए इस व्यवहार पर क्या 'विश्व गुरु' राष्ट्र के विदेश मंत्री जयशंकर को शर्म नहीं आती?

अमेरिका से अगर 20 हजार भारतीयों में से सभी को वापस भेजा जाना है तो नियोजित निर्वासन के लिए लगातार उड़ानों की आवश्यकता होगी। यह संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि अमेरिकी आव्रजन विभाग के छापे जारी हैं। जो लोग पकड़े जाते हैं, उन्हें वकीलों, चिकित्सा सहायता और अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए और इन सुविधाओं के बिना हिरासत में रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उनमें से किसी को भी जंजीरों में जकड़ कर वापस भेजने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

यहां उन अन्य मुद्दों की बात नहीं हो रही है जिन पर ट्रम्प आगे बढ़ना जारी रखेंगे। दोनों देशों की टीमों के बीच ऊर्जा सौदों और रक्षा आपूर्ति के बारे में चर्चा जारी है। अमेरिका के साथ भारत एक सीमा तक ही खेल खेल सकता है। भारत किस सीमा तक झुक सकता है यह बताने के लिए एक स्पष्ट रेखा खींचनी जरूरी है। ट्रम्प को खुश करने के लिए भारत को झुकना नहीं चाहिए।

# केरल में जीवन शिक्षा की पहल

**- बाबा मायाराम**

केरल के पालक्कड़ जिले के शोरनूर में एक ऐसा प्रशिक्षण केन्द्र है, जहां न केवल युवा प्राकृतिक खेती, बुनाई, मिट्टी के बर्तन और शिल्प का हुनर सीख रहे हैं,बल्कि इससे सम्मानजनक आजीविका भी हासिल कर रहे हैं और आत्मनिर्भर बन रहे हैं। आज इस अनूठी पहल की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे शिक्षा को समग्रता से समझा जा सके। सिर्फ अल्पकालीन उद्देश्य ही नहीं, बल्कि उसे जीवन में कैसे अपनाया जा सके, यह समझा जा सके।

शोरनूर से 4 किलोमीटर दूर फार्मर शेयर नामक केन्द्र स्थित है। कुछ समय पहले मुझे यहां जाने और इसे देखने-समझने का मौका मिला। उसी अनुभव को यहां साझा कर रहा हूं। केरल को प्रकृति से भरपूर राज्य माना जाता है। इसके बारे में सुनते रहे हैं, पर देखने का मौका कुछ समय पूर्व मिला।

सुबह से शाम तक यहां की दैनंदिन गतिविधियां और प्रकृति के कई रूप देखने को मिले। टेंट में विश्राम के दौरान कीट-पतंगों की फरफराहट, पेड़ों के बीच शांति व एकान्त, सुबह पक्षियों की चहचहाहट, गिलहरियों की उछल-कूद, हवा की सरसराहट, शाम को बारिश, साफ वातावरण, पेड़ों की पत्तियों की चमक और परिसर के मनोरम दृश्य से मेरा साक्षात्कार हुआ।

परिसर में आवाजाही, रसोई कक्ष में दक्षिण भारतीय भोजन की खुशबू, हथकरघे की खट-पट, चाक पर मिट्टी को आकार देती कारीगर महिलाएं, पेड़ों की कटाई-छंटाई, पौधों की निंदाई-गुड़ाई, लाइब्रेरी में अध्ययन, यहां कुछ ऐसी ही गतिविधियां दिनचर्चा की हिस्सा थीं।

चारों ओर हरियाली से घिरा फार्मर शेयर का घर, बहुत ही साधारण चीजों से बना है। इसमें बेकार समझी जाने वाली चीजों का उपयोग किया गया है। जैसे साइकिल के रिम, लकड़ी के टुकड़े, स्टील की फ्रेम, जंगली बीज इत्यादि। दीवारों के पलस्तर में नीम की पत्तियां व तीखी गंधवाली पत्तियां मिला दी गई हैं, जिससे कीट नियंत्रण में मदद मिलती है।

इसके संस्थापक अम्ब्रोज कूलियत ने बतलाया कि वर्ष 2017 में इस केन्द्र की शुरूआत की गई। सबसे पहले मित्रों के साथ मिलकर एक ट्रस्ट बनाया गया, फिर 10 एकड़ जमीन पट्टे पर ली और प्राकृतिक खेती की शुरूआत की। धीरे-धीरे इसका विस्तार होते गया। अब यहां हथकरघे से कपड़े बनाना, मिट्टी के बर्तन बनाना और हस्तशिल्प की इकाईयां संचालित की जा रही हैं।

वे आगे बताते हैं कि केन्द्र की सोच गांधी के ग्राम स्वराज के विचारों से प्रभावित है। उनका मानना है कि प्रत्येक गांव और इलाके को स्वशासन, आजीविका और संसाधनों के उत्पादन व वितरण में आत्मनिर्भर होना चाहिए। यह केन्द्र इसी की एक छोटी पहल है।

इसके पूर्व उन्होंने जीविकोपार्जन के लिए कई तरह के काम किए। स्कूली पढ़ाई के बाद उन्होंने निर्माण मिस्त्री का काम किया। स्वाश्रय आंदोलन से जुड़े, जिसके तहत भोजन, रोजगार, स्वास्थ्य और खेती का प्रशिक्षण दिया, कोच्चि में जैविक उत्पादों से बने भोजन का रेस्तरां खोला। इन सब कामों से वे खुश थे, और उनकी इनमें दिलचस्पी भी थी। लेकिन वे आत्मनिर्भर और टिकाऊ समुदाय का मॉडल बनाना चाहते थे,इसलिए फार्मर शेयर की शुरूआत की।

उन्होंने बताया कि फार्मर शेयर में हम एक ऐसी संस्कृति विकसित करना चाहते हैं,जहां संसाधनों का उपयोग इस तरह से किया जाए जिससे पर्यावरण व प्रकृति का नुकसान न हो। और लालच की बजाय जरूरत के आधार पर संसाधनों का उपभोग हो। इसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को ऐसे श्रम आधारित कामों से आजीविका उपलब्ध कराना भी है,जिन कामों से उन्हें संतुष्टि व सम्मान मिले।

यहां मुख्य रूप से पर्माकल्चर पद्धति से फूलों की खेती की जाती है। शंखपुष्पी और हिबिस्कस की खेती करते हैं। यहां एक साथ कोई खेत भी नहीं है, जहां भी जगह होती है, वहीं पौधों को उगाया व रोपा जाता है।

# दिल्ली में कांग्रेस से बड़ी रेखा खींचनी होगी भाजपा को

दिल्ली विधानसभा चुनाव के 8 फरवरी को घोषित नतीजों में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने लगभग दो सप्ताह लगाये कि मुख्यमंत्री पद पर कौन विराजेगा। आखिरकार 19 फरवरी को मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता का नाम तय हुआ और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में रेखा गुप्ता ने 6 मंत्रियों के साथ शपथ ली। मुख्यमंत्री चुनने के लिये इतना अधिक समय सम्भवतः पहली बार उस भाजपा ने लिया जो अपने फैसले लागू करने के लिये इस मायने में मशहूर है कि उसका कोई विरोध नहीं कर सकता। फिर भी, इतना वक्त लेना बतलाता है कि रेखा गुप्ता का चयन आसानी से नहीं हुआ है।



कहा जाता था कि इस पद के लिये प्रवेश वर्मा का नाम सबसे ऊपर था जो कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और अपने वक्त के कद्दावर नेता साहिब सिंह वर्मा के पुत्र हैं। जिस दिन नतीजे निकले थे, वे नयी दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल (आम आदमी पार्टी) को हराते ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने चले गये थे। उनकी शाह से नजदीकी सर्वज्ञात है लेकिन जब मुख्यमंत्री चुनने की बारी आई तो उन्हें इस दौड़ से बाहर किया गया और उनके साथ ही दिल्ली के दूसरे कद्दावर भाजपा विधायक भी किनारे ही रहे। दूसरी ओर रेखा गुप्ता पहली बार ही शालीमार बाग विधानसभा सीट से जीत कर आई हैं। समझा जाता है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के पीछे संघ की सलाह रही। हालांकि रेखा गुप्ता के नाम पर भाजपा ने कुछ निशाने साधे हैं। केजरीवाल की तरह रेखा हरियाणा (जीन्द) से हैं और वैश्य समुदाय की हैं जो भाजपा का पक्का समर्थक वर्ग है। फिलहाल भाजपा में ब्राह्मण (राजस्थान में भजनलाल शर्मा व असम में हिमंता बिस्वा सरमा) से लेकर आदिवासी (छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय) और अन्य पिछड़ा वर्ग (मध्यप्रदेश में मोहन यादव व हरियाणा में नायब सिंह सैनी) हैं, लेकिन वैश्य समुदाय का कोई नहीं था। यह कमी भी दूर हो गयी।

भाजपा शासित जितने भी प्रदेश हैं उनमें महिला मुख्यमंत्री किसी में नहीं हैं। अब वसुंधरा राजे के बाद रेखा गुप्ता तीसरी महिला मुख्यमंत्री भाजपा से बनी हैं। राजस्थान चुनाव में जीत हासिल करने के बाद वहां इस पद की सबसे मजबूत दावेदार वसुंधरा राजे सिंधिया की बजाये जब भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। संदेश गया था कि भाजपा एक ओर तो महिला आरक्षण व उनके सम्मान की बात करती है तो दूसरी ओर महिला को महत्वपूर्ण पद से हटाकर उनका अपमान करती है। रेखा गुप्ता को लाना उस दाग को मिटाने का प्रयास कहा जा सकता है। वहीं केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली में तीसरी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर आतिशी ने काम संभाला था। रेखा गुप्ता दिल्ली में सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं।

तीन बार पार्षद व दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रह चुकीं रेखा गुप्ता छात्र राजनीति से आई हैं। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रहीं और दिल्ली विश्वविद्यालय की पहले महासचिव और बाद में अध्यक्ष बनी थीं। इस नाते वे युवा व छात्र वर्गों के बीच भी रास्ता बनाती हैं जो पार्टी को लाभ पहुंचाएगा। वे इस समय पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और दिल्ली के नगरीय निकाय में भी विभिन्न पदों पर रह चुकी हैं।

एक और कारण यह भी माना जाता है कि क्यों वे इस पद के सर्वथा योग्य हैं, तो वह है उनके आक्रामक तेवर और भाषावली।

सोशल मीडिया पर उनके वे पुराने ट्वीट तैर रहे हैं जो उन्होंने केजरीवाल के खिलाफ पोस्ट किये थे। अमर्यादित व कई नफरती पुरुषों को भी लजा देने वाले शब्दों से उन्होंने केजरीवाल को नवाजा था। ऐसी महिला को यह पद प्रदान करना बतलाता है कि भाजपा में ऊंचा पद पाने के लिये यह भी एक योग्यता है। हालांकि मंत्री बने कपिल मिश्रा और प्रवेश वर्मा भी अपने कटु बयानों के लिये जाने जाते हैं लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने रेखा की भाषा को अधिक प्रभावशाली समझा होगा।

दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार आने पर अब आप के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन आदि पराजित हो चुके हैं और आप की पूर्ववर्ती सरकार के कामों का बचाव करने वाले प्रभावी लोग सदन में रहेंगे नहीं। शराब घोटाले की तलवार पहले से चल रही है। सत्येन्द्र जैन के खिलाफ मनी लॉड्रिंग का मामला चलाने की राष्ट्रपति से मंजूरी दो दिन पहले ही मिल गयी है और वे चुनाव भी हार चुके हैं। नयी मुख्यमंत्री और दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना मिलकर दिल्ली का कितना विकास करते हैं, यह तो वक्त ही बतायेगा परन्तु दोनों मिलकर आप को नेस्तनाबूद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे- यह तय माना जा रहा है, क्योंकि उसने भाजपा को तीन बार परास्त किया है। कांग्रेस की स्थिति सदन में तो शून्य है, यहां और सदन के बाहर उसे आप का ही सफाया करने की जरूरत है जिसके बाद वह खुद को लम्बे समय तक एकछत्र राज करने के काबिल मान रही होगी।

फिर भी, रेखा गुप्ता के सामने कई चुनौतियां हैं। पहली तो है जनहित के मुद्दों को आप ने प्रमुख विमर्श बना दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क आदि को लेकर उन्हें ठोस कार्य करने होंगे जिसकी भाजपा आदी नहीं है।

कुछ अन्य राज्यों में तो यह चल सकता है लेकिन दिल्ली में उन्हें ठोस नतीजे देने होंगे। आप ने कई सेवाएं या तो मुफ्त कर दी थीं अथवा रियायती दर पर। इन्हें जारी रखना भाजपा की नयी सरकार के लिये चुनौती होगी। यमुना नदी की सफाई भी बड़ा मुद्दा है जहां नयी सरकार को कुछ कर दिखाना होगा। कांग्रेस नहीं है पर उसकी सरकार के दौरान शीला दीक्षित के किये काम आज भी बेंचमार्क हैं।

## इंटर कॉलेज ज्योग्राफी क्विज कंपटीशन में आदमपुर के महाविद्यालय की टीम ने मारी बाजी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**तोशाम, 27 फरवरी।** वीरवार को स्थानीय चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा इंटर कॉलेज ज्योग्राफी क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्यअतिथि अनुज पपरेजा, विशिष्ट अतिथि वीएस फौगाट, महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य राजेंद्र और समस्त भूगोल विभाग उपस्थित रहा। इस दौरान प्रतियोगिता में 9 टीमों ने भाग लिया जोकी अलग-अलग महाविद्यालय से आई हुई थी।जिसमें राजकीय महाविद्यालय हिसार, राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार, जाट कॉलेज हिसार, राजकीय महाविद्यालय आदमपुर, राजकीय महाविद्यालय जींद, जीडी महाविद्यालय बहल, बवानी खेड़ा और राजकीय महिला महाविद्यालय तोशाम आदि टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में क्विज मास्टर डॉक्टर अनिल कुमार ने प्रतियोगिता के आठ राउंड करवाए जिसमें बाजी मारते हुए प्रथम स्थान पर एफजीएम राजकीय महाविद्यालय आदमपुर की टीम रही। दूसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय जींद की टीम रही और तीसरे स्थान पर जाट कॉलेज हिसार की टीम रही। प्रतियोगिता की रनिंग ट्राफी पिछली बार जींद कॉलेज के पास थी अबकी बार वह राजकीय महाविद्यालय आदमपुर ने जीती। इस दौरान भूगोल विभाग की अध्यक्ष ज्योति बोड़वाल ने सभी का महाविद्यालय में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे वीएस फौगाट ने भी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे श्याम पब्लिकेशन के एमडी अनुज पपरेजा ने भी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मंच संचालन रामवीर गौरी ने किया। विद्यार्थियों का पंजीकरण स्टाफ सदस्य मीनू ने किया तो कार्यक्रम में आए हुए मेहमानों का स्वागत मोनिका ने किया। इस अवसर पर सुरेंद्र चहल, विनोद कुमार, सोनू आदि सहित समस्त स्टाफ सदस्य व अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

## इपटा तेजी से बढ़ती एआई टेक्नोलॉजी के माध्यम से उत्पादकता और क्वालिटी में सुधार विषय पर सेमिनार का आयोजन करेगा




**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**

**मोहाली, 27 फरवरी।** इंडियन पल्प एंड पेपर टेक्निकल एसोसिएशन अपनी वार्षिक आम बैठक में तेजी से बढ़ रही एआई टेक्नोलॉजी के माध्यम से उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार विषय पर सेमिनार करने जा रही है। यह सेमिनार 28 फरवरी और 1 मार्च 2025 को रेडिसन रेड, मोहाली में होगा। इस आयोजन में 400 से अधिक पेपर उद्योग से जुड़े प्रमुख टेक्नोलॉजिस्ट और उद्यमी, भारत और विदेशों से आए इंजीनियर, मशीनरी सप्लायर और रिसर्च इंस्टिट्यूट शामिल होंगे। इस सेमिनार का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से पल्प और पेपर निर्माण प्रक्रिया में दक्षता, गुणवत्ता लाना और स्थिरता में क्रांतिकारी बदलाव लाने पर विचार-विमर्श करना है।

## निमार्णाधीन किसान भवन में हुई वैदिक पैथी क्लीनिक की शुरूआत

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**तोशाम, 27 फरवरी।** गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के गांव खावा में निमार्णाधीन किसान भवन एवं किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा समाधि स्थल में वैदिक पैथी क्लीनिक की शुरूआत की गई। इस क्लीनिक का उद्घाटन रिबन काटकर ट्रस्ट के प्रचार मंत्री मा. रूघबीर भेरा ने किया। इस क्लीनिक में वैदिक पैथी के हैल्थ वर्कर राम अवतार दलाल स्थाई रूप से बैठेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व किसान भवन के संचालक युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने बताया कि यह क्लीनिक गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोदारा की अध्यक्षता में निरंतर चलाया जा रहा बेरोजगारी बीमारी उन्मूलन अभियान के तहत खोला गया है। उन्होंने बताया कि यहां से बेरोजगार युवा, युवतियों को प्रशिक्षण भी देकर गांव-गांव में ऐसे क्लीनिक खुलवाए जाएगे, जिससे एक तरफ जहां वैदिक पैथी पद्धति का प्रचार होगा तथा दूसरी तरफ युवक-युवतियां स्वरोजगार से जुड़ेंगे, जिससे बेरोजगारी की समस्या भी खत्म होगी। मा. रूघबीर भेरा ने बताया कि यहां एकूप्रेसर, एकुपेंचर एवं आयुवेर्दा तकनीक से हर बीमारी का ईलाज बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा। विशेष रूप से आधुनिक मशीनों द्वारा शरीर के सभी अंगों की जांच बिना खून, पेशाब व बिना एमआरआई के की जाएगी। इसके अलावा नसों से संबंधित समस्याओं का भी समाधान होगा। एकुप्रेसर, एकुपेंचर के जानकार रामअवतार दलाल ने बताया कि वैदिक चिकित्सा पद्धति है विश्व की पांच हजार वर्ष पुरानी पद्धति है। जिसे लोग भूलते जा रहे थे। लेकिन अब इसे भारत सरकार ने मंजूरी देते हुए पैथी माना है। जिसका दो साल का डिप्लोमा कोर्स भी शुरू किया जा रहा है। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्य मनफुल जटासरा, सरपंच प्रतिनिधि भजनलाल ढूल, पूर्व सरपंच धर्मपाल ढूल, नंबरदार दयानंद, बंसी शर्मा, अजय ढूल, विजय ढूल, मा. बिजेंद्र, मा. संदीप, महक, मन्नत, मुकेश देवी, मोनिका, अल्का, जिज्ञासा, शिल्पा, सज्जन खरेटा, प्रकाश, जयसिंह, रामचंद्र, छत्तर सिंह, सज्जन, कुलदीप, परविन्द्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारिणी जिला प्रधान राजेंद्र टंडन के नेतृत्व में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मौलिक शिक्षा अधिकारी की गैर मौजूदगी में सेक्शन आफिसर रणजीत से मिलकर मांगों का ज्ञापन सौंपा। संगठन ने राज्य कार्यकारिणी आदेशानुसार 12वी कक्षा में 50% मार्क्स से कम के अध्यापकों के रोके गए एसीपी मामलों को तुरंत एसीपी लगाने बारे ज्ञापन दिया गया। सेक्शन आफिसर ने स्पष्ट किया कि आफिस के पास विभागीय आदेश होने के कारण एसीपी नहीं लगा सकते। 2017 बैच के नोशन बेनिफिट वाले पेंडिंग केस को क्लियर करने बारे मांग की गई। इसके बारे में अधिकारी द्वारा बताया गया की हमने 90% केस क्लियर कर दिए हैं। बाकी केस को बहुत जल्द निपटा दिया जाएगा। मिड डे मील से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, जिला उपप्रधान रमेश मेहला, जिला सह सचिव सुरेश मुकीमपुर, जिला आडिटर नरेंद्र प्रकाश, लाडवा प्रधान अमन पाल, पिहोवा प्रधान राजेंद्र जांगड़ा, थानेश्वर प्रधान नरेश फूले, प्रदीप गुप्ता, जिले सिंह लाडवा, कार्यालय के विजेंद्र व प्रदीप मौजूद रहे।

# श्याम बगीची से खाटू श्याम के लिए 41 श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**





**सिरसा, 27 फरवरी।** श्री श्याम बगीची धाम से 41 पैदल श्रद्धालुओं का जत्था खाटू श्याम जी के लिए रवाना हुआ।

श्याम बगीची के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि श्री श्याम बगीची धाम एवं श्री श्याम बगीची पैदल यात्रा संघ के बैनर तले 41 पैदल श्रद्धालुओं का जत्था बाबा श्याम के रथ के साथ खाटू श्याम जी राजस्थान के लिए रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि यात्रा से पूर्व बाबा श्याम का रथ भव्य रुप से सजाया गया। बाबा श्याम की आरती की गई और बाबा श्याम को भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। सुबह सवा आठ बजे श्याम बगीची से पैदल श्रद्धालुओं का जत्था हाथों में बाबा का निशान लेकर बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए और बाबा के भजनों पर झूमते हुए खाटू श्याम के लिए रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि सिरसा से चलकर रास्ते में विभिन्न जगह पड़ाव डालते हुए 7 मार्च को खाटू श्याम जी पहुंचेंगे। 8 मार्च को बाबा को निशान चढ़ाकर बाबा श्याम के दर्शन करने बाद सिरसा के लिए रवना होंगे। इस पैदल जत्थे में राजेंद्र गनेरीवाला, पवन गर्ग, अशोक खट्टर, दीपू, मंगत मेहता, राहुल मेहता, रमन सिंह, विकास शर्मा, इंद्रजीत, विनोद बंसल, कुलदीप, रुपा राम, शुभम, सुरजीत सिंह, नितिन, अनूप, सहदेव शास्त्री, सुमित, सुभाष अरोड़ा, परमीत, विनोद कुमार, अनुकरण, प्रेम कुमार, मुकेश कुमार, विजय मेहता, पंकज शर्मा, रोहित, तनीष, पारस आदि श्रद्धालु शामिल थे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा तोशाम में आयोजित हुआ सर्व धर्म सम्मेलन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**




**तोशाम, 27 फरवरी।** महाशिवरात्रि की संध्या पर तोशाम की पंजाबी धर्मशाला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा तोशाम द्वारा त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के रूप में सर्व धर्म सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दीवान चंद रहेजा ने शिरकत की तो कार्यक्रम की अध्यक्षता माउंट आबू से पहुंची बीके जमीला ने की। इस दौरान कुमारी खुशबू आदि सहित नन्हीं बच्चियों ने शिव भजनों पर शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति पेश की, जिससे कार्यक्रम के दौरान माहौल शिवमय हो गया।

इस मौके पर बीके जमीला ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव के शरीर का सुप्रीम पावर हाउस परमात्मा है। मानव ही नहीं बल्कि सभी जीवो के शरीर को चलाना परमात्मा का ही कार्य है। सभी जीवो के शरीर को ऊर्जा देना परमात्मा का ही कार्य है। जैसे ही हम मेडिटेशन के द्वारा परमात्मा से कनेक्ट होते हैं तो हमारे शरीर के सभी रोग कष्ट दूर हो जाते हैं। माउंट आबू वह जगह है जहां अल्लाह और ईश्वर आकरके पूरी कायनात को एक कर देता है। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे दीवान चंद रहेजा ने कहा कि हमें धर्म को ने देखकर इंसान को देखना चाहिए कि उसके विचार कैसे हैं उसके कर्म कैसे हैं।

रहेजा का कहना था कि पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम वह शख्स थे जिन्होंने बिना किसी लोभ लालच के हिंदुस्तान की मरते दम तक सेवा की। जबकि नासा ने उन्हें विभिन्न प्रकार के प्रलोभन दिए लेकिन वह बिना किसी लालच के अपने हिंदुस्तान के लिए जिए तथा अपने हिंदुस्तान के लिए मरे, उनका भारत देश के लिए सहयोग अतुलनीय है। अतः हमें प्रत्येक इंसान की जाति, धर्म नहीं देखना चाहिए बल्कि उसके विचार तथा गुण देखने चाहिए। इस दौरान आए हुए अतिथियों को तोशाम के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बीके मंजू ने स्मृति चिन्ह व प्रसाद आदि की सौगात देकर उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रणामी संस्था से मीना महाराज, मस्जिद से मौलवी उमरदीन, जैन सभा से पूनम जैन, हकीम अली, टेकचंद सरदाना, आत्मप्रकाश काठपालिया, नरेश गोयल, जगदीश प्रसाद, मास्टर हरिश महता, सुभाष कक्कड़, मिंटू डेमला, कृष्ण महता, मोहनलाल राजवड़ा, गीता तलेजा, श्यामलाल आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# सैकड़ों महिलाओं ने श्रद्धा पूर्वक निकाली नगर कलशयात्रा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**बहल, 27 फरवरी।** श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के श्रीगणेश से पूर्व आयोजित नगर कलशयात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने श्रद्धा पूर्वक शामिल हुई और सजे कलश लेकर निकली यात्रा को निहारते हुए श्रद्धालुओं की लगी भीड़ ने जमकर पुष्प वर्षा की।

राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता साध्वी गौशिका गिरी के मुखारविंद से कथा ज्ञान अमृत वर्षा ब्रह्मलीन बाबा रती गिरि महाराज की तपोस्थली श्रीअलख आश्रम बहल में महंतश्री बाबा विकास गिरी महाराज के सानिध्य में बाबा रति गिरी महाराज की पुण्य निर्वाण स्मृति में आयोजित की जा रही है। महंतश्री ने कलश यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलश यात्रा समृद्धि, मनोकामना पूर्ण, आस्था, युवा पीढ़ी को संस्कारों से प्रेरित करती है। कथा प्रवचन से पूर्व इस तरह की कलश यात्रा श्रद्धालुओं को धर्म के प्रति प्रेरित करती है और धर्म व संस्कार व संस्कृति को मजबूती प्रदान मिलती है। कथा प्रवक्ता साध्वी गौशिका गिरी ने बताया कि कलश यात्रा हमें धर्म-आस्था व कर्म से जोड़ती है । कलशयात्रा का हमारे धर्म शास्त्रों में बड़ा महत्व तो मिलता ही है साथ में धर्मपरायण भी बनाती है। कलश की साज सज्जा, जल और रखे जाने वाले नारियल का सबका अलग-अलग महत्व है। जो आस्था से बांधते व श्रद्धा को पुष्ट करते हैं। पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। कथा प्रवक्ता ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। इस अवसर पर बाबा जय गिरी, मंत्र गिरी, भोलागिरी, बलबीर गिरी सहित कस्बे के अनेकों धर्मपरायण लोग व महिलाएं शामिल हुई और कलशयात्रा कस्बे के मुख्य मार्गो, बाजरो तथा चौक चौराहों से गुजरी और लोगों ने पुष्प वर्षा की।

## 49020 रुपए की जुआराशि सहित 11 लोगों को किया काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 27 फरवरी।** कालांवाली सीआईए पुलिस ने गश्त के दौरान गांव जगमालवाली से सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 11 लोगों को 49020 रुपए की जुआराशि व ताश के पत्तों के साथ काबू किया है। कालांवाली सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर विरेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही संदीप पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान जगमालवाली बस अड्डा पर मौजूद थे। इस दौरान मुख्य सिपाही को गुप्त सूचना मिली कि शिवरात्रि के त्योहार पर चकेरिया रोड पर नहर पुल पर 10/11 व्यक्ति ताश द्वारा पैसे लगाकर जुआ खेल रहे है। उन्होंने एक रेडिंग पार्टी तैयार करके उक्त जगह पर दबिश दी तो नहर पटरी पर बैटरी की रोशनी में ताश के साथ जुआ खेलते हुए 11 लोगों को 49020 रुपए की जुआराशि व ताश सहित काबू किया। आरोपियों की पहचान राजेंद्र पुत्र बृजलाल निवासी खाई शेरगढ़, गुरचरण पुत्र हाकम सिंह निवासी खतरावा, बलवीर सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी सुखचैन, जरनैल सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह निवासी कालांवाली, बसंत सिंह पुत्र हुकम चंद निवासी सुखचैन, गोपाल कृष्ण पुत्र रामचंद्र निवासी सालमखेडा, तेजा सिंह पुत्र गोविंद सिंह निवासी गदराना, गुरलाल सिंह पुत्र गुरजंट सिंह निवासी सुखचैन, जगतार सिंह पुत्र जगीर सिह निवासी थिराज, दुर्गा सिंह उर्फ दरोगा पुत्र चांद सिंह निवासी कौरआना व बलजिंद्र सिंह पुत्र करनैल सिह निवासी जंडवाला जाटान के रूप में हुई है।

# किसान हित में हरियाणा सरकार का कदम

### जिला जींद में हुई बारिश से फसलों के नुकसान का ब्यौरा दर्ज करने के लिए खोला गया क्षतिपूर्ति पोर्टल। 10 मार्च तक किसान दर्ज कर सकते हैं फसल खराबे का ब्यौरा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 27 फरवरी।** हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में कदम उठाते हुए जिला जींद में 20 फरवरी को हुई बारिश/ओलावृष्टि के कारण फसलों के नुकसान का ब्यौरा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करने के लिए किसानों से आह्वान किया है। यह पोर्टल 10 मार्च तक खुला रहेगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जींद के उपायुक्त द्वारा दी गई रिपोर्ट अनुसार जिला जींद के गांव आसन, खरकरामजी, चाबरी, नेपेवाला, कोयल, बहादुरपुर और सण्डील आदि गांवों में 20 फरवरी को बेमौसमी बारिश के कारण फसलों को नुकसान हुआ है। किसानों द्वारा फसलों के खराबे की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का अनुरोध किया गया। उनके अनुरोध पर सरकार ने निर्णय लिया है कि जिला जींद के किसान अपनी खराब फसल की जानकारी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 10 मार्च तक दर्ज कर सकते हैं।

**हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में बनाया है क्षतिपूर्ति पोर्टल**

प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में क्षतिपूर्ति पोर्टल बनाया है। पूर्व की सरकारों के दौरान खराब फसल की गिरदावरी करने वाले पटवारी एवं अन्य कर्मचारियों पर नुकसान के आंकलन में भेदभाव के आरोप लगते रहे हैं।

किसानों की असल समस्या को समझते हुए वर्तमान सरकार ने ही क्षतिपूर्ति पोर्टल बनाकर किसानों को यह भी सुविधा दी कि वे खुद भी अपनी खराब फसल की जानकारी अपलोड कर सकें। इससे किसान वर्ग में काफी खुशी देखी गई।

अब प्रभावित किसान इस क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी खराब फसल का ब्यौरा खुद दर्ज करा सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से मुआवजा राशि "मेरी फसल-मेरा ब्यौरा" पोर्टल पर उपलब्ध करवाए गए काश्तकार के सत्यापित बैंक खाते में सीधे जमा करवाई जाती है। किसानों के बैंक खाते में सीधी धनराशि जाने से बिचौलिए की भूमिका भी सरकार ने खत्म कर दी है जिससे पूरा पैसा किसान को मिल जाता है।

## शिविर में आई 3 शिकायतों का समाधान करने के लिए अधिकारियों को दिए गए निर्देश

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**



**रतिया, 27 फरवरी।** उपमंडलाधीश सुरेश कुमार की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस पर लगातार आयोजित किया जा रहा है। समाधान शिविर के माध्यम से समस्याओं का समाधान कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। एसडीएम सुरेश कुमार ने नागरिकों से आह्वान किया कि प्रशासन द्वारा प्रातः 10 बजे से लेकर 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर का फायदा उठाएं। वीरवार को शिविर में कुल 3 शिकायतें आई, जिसमें 2 प्रॉपर्टी आईडी व 1 मकान पर नाजायज कब्जा छुड़वाने से संबंधित समस्यायों के निवारण के लिए निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में आमजन प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, पुलिस विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड, बिजली, पानी आदि से संबंधित समस्याएं लेकर लोग पहुंच रहे हैं, जिसका समाधान करने के लिए प्रशासन कार्यवाही कर रहा है।

## रतिया पुलिस ने पशु चोरी के आरोपी को सरदूलगढ़ से किया गिरफ्तार, हजारों के पशु बरामद

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 27 फरवरी।** गांव नागपुर में एक पशु बाड़े से हजारों के पशु चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने सरदूलगढ़ से एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान पाल सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी सरदूलगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चुराई गई 3 बकरियां व 4 बकरियों के बच्चे बरामद कर लिए है। इनकी कीमत करीब 45 हजार रुपये बताई गई है।

थाना सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 24 फरवरी को नागपुर निवासी संदीप कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह भेड़-बकरी पालन का करता है। गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसके पशु बाड़े में घुसकर वहां से 8 पशु चोरी कर ले गया है। इस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एसआई राधाकिशन ने इस मामले में आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे सरदूलगढ़ से गिरफ्तार कर चोरीशुदा पशु बरामद कर लिए हैं।

## खेतों से हजारों रुपए की केबल चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 27 फरवरी।** गांव शेरपुरा निवासी किसान के कुक्कड़थाना-जोधकां रोड स्थित खेतों से चोर हजारों रुपए की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव शेरपुरा निवासी सूर्यप्रकाश ने बताया कि उसका कुक्कड़थाना-जोधकां रोड पर खेत है। उसने सिंचाई के लिए खेतों में ट्यूबवेल लगाया हुआ है। 20 फरवरी की सांय को वह खेतों से घर आ गया। देर रात्रि को चोरों ने खेतों में घुसकर ट्यूबवैल से करीब 150 फीट केबल चोरी कर ली। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एप में लॉगिन कर एटीएम नंबर डाला तो खाते से उड़ गए 48 हजार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 27 फरवरी।** गांव खुइयांनेपालपुर निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल पर मैसेज आया कि उसका पानी का कनेक्शन ब्लॉक हो गया है। मैसेज के आधार पर जब उसने लिंक के माध्यम से एक एप डाउनलोड कर उसमें लॉगिन कर अपना एटीएम नंबर डाला तो उसके खाते से 48 हजार रुपए उड़ गए। साइबर ठगी का शिकार होने के बाद व्यक्ति ने इसकी शिकायत दर्ज करवाई।

पुलिस को दी शिकायत में आत्मप्रकाश ने बताया कि बीती 24 फरवरी को उसके मोबाइल नंबर पर एचएसवीपी विभाग के नाम पर उसका पानी का कनेक्शन ब्लॉक होने संबंधी एक मैसेज आया। मैसेज में दिवेश जोशी नामक व्यक्ति का नंबर दिया हुआ था और लिखा हुआ था कि अपना पानी का कनेक्शन अनब्लॉक करने इस नंबर पर कॉल करें। फिर उसने उक्त नंबर पर 2 बार कॉल की, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। कुछ देर बाद एक अन्य अज्ञात नंबर से उसके पास कॉल आई और आगे से एक व्यक्ति बोला कि मैं एचएसवीपी से बोल रहा हूं। आपका पानी का कनेक्शन ब्लॉक को गया है। इसे अनब्लॉक करवाने के लिए हमारे लिंक के माध्यम से विभाग का एप डाउनलोड कर उसमें लॉगिन करें। आत्मप्रकाश ने बताया कि फिर उसके पास व्हाट्सएप पर लिंक आया जिसके माध्यम से उसने एचएसवीपी की एक एप डाउनलोड कर उसमें अपना नाम और मोबाइल नंबर रजिस्टर किया। आत्मप्रकाश के मुताबिक एप में बिल भरने का 7 रुपए चार्ज दिखाया गया। जिसके बाद उसने बिल भरने के लिए एप पर अपना एटीएम नंबर डाला। फिर आगे से एप में उससे एटीएम पिन और जन्मतिथि पूछी गई, लेकिन संदेह होने पर उसने उक्त डिटेल नहीं दी। फिर कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर 2 बार ओटीपी आई और अपने आप खाते से 2 बार में 22 हजार 999 रुपए व 24 हजार 999 रुपए कटने का मैसेज आया। साइबर ठगी का शिकार होने के बाद उसने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करवाई। ओढां थाना के साइबर हेल्प डेस्क इंचार्ज पीएसआई अजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 27 फरवरी।** एसडीएम डबवाली अर्पित संगल ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर लापरवाही न बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि सीसीटीवी, बिजली, पानी, शौचालय आदि सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अगर कही भी अनियमित्ता पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस नाका के समीप से बाइक चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 27 फरवरी।** गांव पन्नीवाला मोटा में बस स्टैंड पर पुलिस नाका के निकट खड़ा एक मोटरसाइकिल चोरी हो गया। शिकायत के आधार पर बडागुढ़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में रवि डूडी निवासी गांव पन्नीवाला मोटा ने बताया कि बीती 24 फरवरी की सुबह करीब साढ़े 8 बजे वह अपना मोटरसाइकिल (हीरो डीलक्स) गांव में नेशनल हाईवे नंबर 9 पर बस स्टैंड पर पुलिस नाका के निकट खड़ा कर बस द्वारा सरसा गया था।

## नशा सामाजिक बुनियाद को खोखला बना रहा है : डीएसपी जय भगवान



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**बहल, 27 फरवरी।** गांव सुरपुराकलां में नशा मुक्ति अभियान चलाकर ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक किया गया और नशा व्यसनों से होने वाले सामाजिक, शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक हनन के बारे में विस्तृत बताया गया। नशा मुक्ति संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डीएसपी जय भगवान थे, तो अध्यक्षता सरपंच राजेश पुनिया ने की। डीएसपी जय भगवान ने कहा कि वर्तमान दौर में नशा सामाजिक बुनियाद को खोखला बना रहा है और यही नहीं शारीरिक नुकसान प्रत्यक्ष देख जा सकते हैं। युवा पीढ़ी को नशे से बचने के लिए हर अभिभावक को सामाजिक संस्थाओं को और ग्राम पंचायत को ऐसे अभियान समय-समय पर जरूर चलने चाहिए। ऐसे अभियान कवि सफल नहीं हो सकते कुछ ना कुछ प्रभाव हर इंसान के दिल और दिमाग पर छोड़ते हैं। हर नागरिक का प्रयास होना चाहिए की नशा अपराध की जड़ है और इस जड़ को नशे से दूर रखकर ही सुरक्षित रखा जा सकता हैं। मुख्य अतिथि ने यह भी कहा कि नशे से मुक्त समाज उन्नति व प्रगति को प्राप्त होता है और ऐसे समाज राष्ट्र को ऊंचाइयां देने में भूमिका अदा करते हैं। इस अवसर पर थाना प्रभारी राधेश्याम शर्मा, पूर्व सरपंच रामकिशन शर्मा, जगदीश पूनिया, रोहतास कुलड़िया, पंच संदीप राजवीर मौजूद रहे।

## सीबीएसई द्वारा छात्रों को वर्ष में दो बार परीक्षा देने के विकल्प को मंजूरी देना छात्रों के लिए होगा लाभकारी : मनीषा वालिया



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**तोशाम, 27 फरवरी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10 के छात्रों के लिए एक नई परीक्षा योजना का मसौदा जारी किया है, जिसमें वर्ष में दो बार परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है। यह जानकारी देते हुए सीबीएसई रिसोर्स पर्सन व मेगा माइंड विद्यालय की प्राचार्या मनीषा वालिया ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम करना और उन्हें अपनी शैक्षणिक प्रगति सुधारने के लिए एक और अवसर प्रदान करना है। अब छात्र यदि पहली परीक्षा में संतोषजनक अंक प्राप्त नहीं कर पाते हैं, तो वे दूसरी परीक्षा देकर अपने अंकों में सुधार कर सकते हैं। इस प्रणाली के तहत, दोनों परीक्षाओं में से जिस परीक्षा में छात्र का प्रदर्शन बेहतर होगा, उसे अंतिम परिणाम में शामिल किया जाएगा। यह योजना छात्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी, क्योंकि इससे उन्हें अपनी कमजोरियों को सुधारने का अवसर मिलेगा और वे अधिक आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। इसके अलावा, यह परीक्षा के प्रति डर और तनाव को भी कम करने में मदद करेगी, जिससे छात्र खुलकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि अभिभावकों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने बच्चों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें और उन्हें सकारात्मक मानसिकता के साथ पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करें। वालिया का कहना था कि छात्रों के लिए यह एक शानदार अवसर है कि वे अपनी पढ़ाई को और अधिक व्यवस्थित करें और परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। यह योजना न केवल परीक्षा के तनाव को कम करेगी बल्कि छात्रों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने का एक बेहतर अवसर भी देगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभिभावक और छात्र स्कूल प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं।

## छात्रों को स्टेशनरी की वितरित

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्राथमिक विद्यालय नरकातारी में पढने वाले गरीब व कमजोर वर्ग के बच्चों के कल्याण के लिए तथा स्कूल व बच्चों की आवश्यकताओं की अनेक वस्तुएं भेंट की गई जिनमें लाइब्रेरी की किताबों के लिए एक बुक केस, एक आडियो सिस्टम, एक लोहे की अलमारी व स्कूल में पढ़ रहे सभी 100 विद्यार्थियों के लिए नोट बुक, जिओमैट्रिक बॉक्स, क्लर्स व पेंसिल प्रदान किए गए। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक, कुरुक्षेत्र मलकीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से पधारे थे। उन्होंने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक कार्पोरेट की अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को सदैव निभाता आया है। उन्होंने बताया कि पी.एन.बी. आरसेटी द्वारा गोद लिए गए गाँव में बालिका कल्याण सहित अन्य समाज कल्याणकारी गतिविधियाँ की जाती हैं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल वह संस्थान है जहाँ बच्चों के चरित्र से लेकर भविष्य तक का निर्माण होता है व आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। आरसेटी के डायरेक्टर राय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कुरुक्षेत्र ने कार्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने के लिए गांव नरकातारी को गोद लिया था। गांव के सरपंच केहर सिंह ने इस अवसर पर बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आप मेहनत और लगन के बल पर अपने सभी सपने साकार कर सकते हैं। स्कूल की हैड टीचर श्रीमती आशा रानी ने पी.एन.बी. आरसेटी, कुरुक्षेत्र का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम पुनः आशा करते हैं कि भविष्य में भी आप यूँ ही कमजोर वर्ग के बच्चों के कल्याण के लिए कार्य करते रहेंगे।

## हल्की बरसात गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 27 फरवरी।** गुरुवार को सुबह से ही रुक रुककर हो रही बरसात से जहां तापमान में भारी गिरावट होने से मौसम में दोबारा से ठंडक बढ़ गई है। दिनभर चली बूंदाबांदी जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त रहा। वहीं हल्की बरसात से गेहूं की फसल में फायदा होने से किसानों के चेहरे खिले हुए है। किसान बलदेव शर्मा जलबेहडा, प्रदीप, मनदीप, राजेश, सोहन, कृष्ण चंद आदि ने बताया कि हल्की बूंदाबांदी से गेहूं की फसल में काफी फायदा होने का अनुमान है। किसानों ने कहा कि इस समय गेहूं की फसल इस समय निसारे पर है। ऐसे में गेहूं के पौधे को उचित नमी की जरूरत होती है।

# मनजिंदर सिंह सिरसा के कैबिनेट मंत्री बनने से बढ़ा सिखों का मान : भूपिंदर सिंह असंध

### मनजिंदर सिंह सिरसा ने हरियाणा का नाम देश की राजनीति में चमकाया : अजराना

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि सिख कौम की आवाज मनजिंदर सिंह सिरसा के दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने से सिखों का मान बढ़ा है। सिरसा जिला के रहने वाले मनजिंदर सिंह ने हमेशा अपनी कौम के हित में कार्य किया है। कौम के अधिकारों के लिए उन्होंने हमेशा आवाज बुलंद की है। कैबिनेट मंत्री बनने पर मनजिंदर सिंह सिरसा को आज दिल्ली विधानसभा में मिल कर शुभकामनाएं देकर कवलजीत सिंह अजराना के साथ यहां लौटे भूपिंद्र सिंह ने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान रहते हुए भी मनजिंदर सिंह ने सिख कौम के लिए सेवा भाव से काम किया, जबकि भाजपा में शामिल



होने के बाद भी वे सदैव सिख कौम हित में आवाज उठाते रहे।

असंध ने कहा कि भाजपा ने शुरू से ही सिखों के हित में काम किया है। अब मनजिंदर सिंह सिरसा को कैबिनेट मंत्री का पद देकर भाजपा ने एक बार फिर से सिखों का दिल जीत लिया है। इससे पहले भी भाजपा, सिख कौम के लिए अनेक कार्य कर चुकी हैं, जिनमें गुरु साहिबान की शताब्दी मनाना, श्री करतारपुर साहिब का गलियारा खोलने और उसका अगले पांच साल के लिए समय बढ़ाना, काली सूचि को खत्म करना और 1984 के सिख नरसंहार के आरोपियों को सजा दिलाने के साथ-साथ कई अन्य काम शामिल है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के पूर्व प्रवक्ता एवं भाजपा नेता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रदेश का नाम देश की राजनीति में चमकाया है। हरियाणा के जिला सिरसा वासी मनजिंदर सिंह को केंद्र की राजनीति में भीष्म कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं है। सिरसा ने अपने राजनीतिक सफर को इस कदर आगे बढ़ाया कि हर कोई उनकी काबलियत का कायल हो गया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में रिकार्ड-तोड मतों से विजय हासिल करने के बाद दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद हासिल करना उनकी कामयाबी की दास्तां बयां कर रहा है। अजराना ने कहा कि भाजपा ने हमेशा सिखों के हित में काम किया है।

# चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर, 52 ने किया रक्तदान

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधि संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सुशीला देवी चौहान मुख्यातिथि के रूप में पधारी हुई थी जबकि शिविर की अध्यक्षता उप निदेशक प्रोफेसर रमेश सिरोही ने की। शिविर में डॉ. आशीष अनेजा और प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। शिविर के संयोजक राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा रहे। मुख्यातिथि विधि संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सुशीला चौहान ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।
युवाओं को उनके जीवन से देश प्रेम की भावना की सीख लेने की आवश्यकता है। प्रोफेसर रमेश सिरोही ने कहा कि रक्तदान बहुत ही नेक कार्य है। कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारे प्रोफेसर अमित लुदरी ने कहा कि रक्तदान की एक एक बूंद नवजीवन का कार्य करती है। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा की युवाओं को नशे के शौंक से दूरी बनाकर रक्तदान का शौंक अपनाना चाहिए जिससे स्वयं को भी लाभ होगा और अन्य लोगों के जीवन को नवजीवन मिलेगा। शिविर में 52 युवक युवतियों ने रक्तदान करके महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में डॉ. रमा की अध्यक्षता में रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर आशुतोष, सिया ढींगरा, मनप्रीत, प्रांजल आदि ने विशेष योगदान दिया।

# खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को सुधारने का अद्वितीय माध्यम : बी.डी. गाबा

### नवयुग स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का किया आयोजन

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मोहन नगर में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। उत्सव का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर, प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्या, मुख्याध्यापिका ने आकाश में हरे, सफेद और केसरिया रंग के गुब्बारे छोड़ कर किया। प्रथम दिन कक्षा नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे दिन कक्षा तृतीय से अष्टम के बच्चों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। 200 मीटर रेस में कक्षा षष्ठम से अंजली प्रथम, दिया द्वितीय, नव्या और अर्शदीप तृतीय, थ्री लेग रेस में कक्षा सप्तम से दीक्षा और साक्षी प्रथम, ललिता और जसलीन द्वितीय, दिशा और गुरबाणी तृतीय स्थान पर रहीं। स्लो साइक्लिंग में कक्षा सप्तम से सुखराज, प्रथम, मयंक द्वितीय, गीतांश तृतीय स्थान पर रहे। स्किपिंग रेस में कक्षा सप्तम से विन्नी प्रथम, पायल द्वितीय, सोनाक्षी तृतीय स्थान पर रहीं।स्लो साइक्लिंग रेस में कक्षा षष्ठम से दुष्यन्त प्रथम, रेयांश द्वितीय, अमित महतो तृतीय तथा कक्षा अष्टम से




ओम कुमार प्रथम, नक्ष द्वितीय स्थान पर रहे।
सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लेने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा, प्रधानाचार्य देवेन्द्र अरोड़ा, उप -प्रधानाचार्य रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीति मिश्रा, कोर्डिनेटर रितु चौधरी द्वारा प्रमाण- पत्र देकर व मैडल पहना कर सम्मानित किया गया। उत्सव के अंत में विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए टग आफ वार का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिताएं विद्यालय के डीपीई जसमेर सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुई। मंच संचालन अध्यापिका आशा ने किया।

डायरेक्टर बी.डी. गाबा ने कहा कि खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को सुधारने का अद्वितीय माध्यम है। जब हम खेल खेलते हैं, तो हमारे शरीर की कसरत होती है, हमारी हड्डियों, मांसपेशियों की मजबूती बढ़ती है और हम तंदुरुस्त और मजबूत बनते हैं। खेल करने से हमारा श्वास-नली सुचारू रूप से कार्य करता है और हमारा मस्तिष्क अच्छी तरह से समय चलाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विकास गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीति मिश्रा, कोआर्डिनेटर ऋतु, चौधरी, अध्यापिका मंजीत, नैंसी, सीमा, परमज्योति, नीतू, सोनिया, गरिमा, पायल, हरिंदर, रिहाना, मधु, पूनम,आशा, अंजलि, मोनिका, विभा, रीना, गीता, अध्यापक सुनील, जसमेर, शक्ति प्रकाश, इशांत सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# मांसपेशियों को ताकत व रोगों से लड़ने की शक्ति देता है प्रोटीन : डॉ. रूचि जैन

### राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस पर मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसी भावना के साथ मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर में राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस विशेष अवसर पर डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रूचि जैन और आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ संजय शर्मा ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को प्रोटीन के महत्व, इसकी कमी से होने वाले गंभीर रोगों और सरल, सुलभ प्रोटीन स्रोतों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. रूचि जैन ने समझाया कि प्रोटीन सिर्फ एक पोषक तत्व नहीं, बल्कि शरीर की बुनियाद है। यह मांसपेशियों को ताकत देता है, रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ाता है। बच्चों



के मानसिक व शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार के बिना अच्छा स्वास्थ्य असंभव है और प्रोटीन उसमें सबसे जरूरी भूमिका निभाता है। अगर शरीर को समय पर प्रोटीन न मिले, तो यह कमजोर हो जाता है, ऊर्जा कम हो जाती है, बाल झड़ने लगते हैं, त्वचा रूखी हो जाती है और बच्चों की लंबाई व वजन भी सही से नहीं बढ़ते। उन्होंने कावाशियोरकोर और मैरास्मस जैसी बीमारियों के बारे में भी बताया, जो प्रोटीन की भारी कमी के कारण बच्चों को हो सकती हैं। डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 1982वें कैंप में उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब स्वास्थ्य का सवाल हो, तो जागरूकता ही समाधान है। अपने आहार में थोड़े से बदलाव करें, तो वे कई गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। विद्यालय की प्राचार्या मंजुला एवं प्रबंधक समिति ने डॉ रूचि जैन, डॉ संजय शर्मा व मोनिका कोऑर्डिनेटर का अभिनन्दन करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सराहना करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षिकाओं के लिए, एक नई शुरूआत है। स्वस्थ भविष्य, मजबूत और जागरूक समाज की नींव रखने हेतु सभी का सराहनीय प्रयास है। भविष्य में भी विद्यालय प्रबंधक समिति समय समय पर ऐसे आयोजन करवाती रहेंगी।कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रोटीन युक्त आहार को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के सदस्य, आचार्य, अभिभावक व विद्यालय परिवार मौजूद रहा।


## निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के बैनर तले मजदूरों ने सीएम निवास समक्ष किया प्रदर्शन




**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहीदी दिवस पर निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के बैनर तले सैंकड़ों मजदूरों ने जिंदल चौक के पास पार्क में इकट्ठा होकर अपनी समस्याओं और मांगों के बारे में नारे लगते हुए मुख्यमंत्री निवास तक प्रदर्शन किया और वहां धरना दिया। मुख्यमंत्री की तरफ से उनके प्रतिनिधि कैलाश सैनी आए और मजदूरों ने अपनी मांगों का ज्ञापन उनको सौंपा। धरने का संचालन करते हुए यूनियन के महासचिव सुरेश कुमार ने कहा कि सरकार ने बोर्ड से मिलने वाले लाभ वितरण की प्रक्रिया को इतना जटिल कर दिया कि यह आम मजदूर की पहुंच से बाहर हो गई है। हरियाणा में निर्माणकार्य में लगे मजदूरों को 2018 से पहले आफ-लाइन प्रणाली में कुछ लाभ मिल भी जाते थे जब मजदूरों के 90 दिन के कार्य-प्रमाणपत्र की वेरीफिकेशन मजदूर यूनियनों द्वारा की जाती थी। परंतु 2018 में हरियाणा सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी करके यूनियनों से यह अधिकार यह कह कर छीन लिया कि यूनियनें भ्रष्टाचार करती हैं और यह अधिकार सरकारी अधिकारियों को दे दिया, तब से तो यह भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। यूनियन के प्रांतीय प्रधान करनैल सिंह ने सरकार से अन्य मांगों के साथ मांग की कि 90 दिन के कार्य-प्रमाणपत्र की वेरीफिकेशन का अधिकार ट्रेड-यूनियनों को दो। जो अधिकारी वेरीफिकेशन नहीं करते हैं या जो भ्रष्ट अधिकारी रिश्वत लेकर वेरीफिकेशन करते हैं उन पर सख्त कानूनी कार्यवाई की जाए। बोर्ड की स्कीमों में मजदूरों की वेरीफिकेशन करने के नाम पर सरकारी अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की उच्च-स्तरीय जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी से करवाई जाए। ब्लॉक किए मजदूरों के पंजीकरणों को तुरंत बहाल किया जाए। पंजीकरण के लिए फॅमिली-आईडी में निर्माणकार्य श्रमिक होने की शर्त एक अनावश्यक शर्त है अतः इसे तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो यूनियन को मजबूरन बड़े स्तर पर आंदोलन करना पड़ेगा। धरने को यूनियन के राज्य-उपप्रधान कॉ फूल सिंह, प्रचार-सचिव कॉ रघुबीर विरोधिया, जनसंघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी, मनरेगा मजदूर यूनियन के महासचिव कॉ सोमनाथ व अन्य मजदूर नेताओं ने भी संबोधित किया।

## ब्रह्मनाद ध्यान का आनलाइन जूम से करवाया प्रयोग

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** समर्थगुरु धाम मुरथल के आचार्य मां स्मृति ने बहुत ही प्रभावशाली एवं मनमोहक ढंग से सभी साधकों को सकारात्मक भाव के गहरे सूत्र बताते हुऐ ब्रह्मनाद ध्यान का आनलाइन जूम के माध्यम से प्रयोग करवाया। हिमाचल एवं भारत देश की सभी जगहों से, मित्रों ने ध्यान एवं सत्संग का आनंद लिया। समर्थगुरु संघ हिमाचल की ओर से हर सप्ताह बुधवार को निशुल्क ध्यान व सत्संग का आयोजन होता है। समर्थगुरू संघ हिमाचल के जोनल कोआर्डिनेटर आचार्य सुरेश मिश्रा एवं मां अनीता ने आचार्य मां स्मृति एवं मित्रों का हार्दिक धन्यवाद किया। समर्थगुरू संघ हिमाचल के स्टेट कोआर्डिनेटर आचार्य कुंजबिहारी ने समर्थगुरु धाम के अगामी प्रोग्रामों के लिए मित्रों को निमंत्रण दिया। सभी साधकों का, स्वामी केतन, स्वामी ऋषभ, मां प्रार्थना और टीम हिमाचल का धन्यवाद किया। ट्विटर के माध्यम से समर्थगुरु धाम संस्थान के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने बताया कि सब की गठरी में वह लाल और माणिक छिपा हुआ है। गोविंद का माणिक। गोविंद का राम रतन धन, लेकिन गिरह खोलना जानते नहीं हैं। गुरु क्या करता है? गिरह कैसे खोला जाए, वह बता देता है।

## जीएसटी माफी योजना का करदाता उठाए लाभ : नीरज

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 27 फरवरी।** उप आबकारी व कराधान आयुक्त (सेल्स टैक्स), करनाल श्रीमति नीरज ने बताया कि जिले के जीएसटीसेटलमेंट योजना के सभी करदाताओं के लिए हरियाणा सरकार की सेटलमेंट योजना व वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 और 2019-20 से संबंधित एचजीएसटी, सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत मांगों से संबंधित ब्याज या जुमार्ना या दोनों को माफ करने के लिए जीएसटी माफी योजना की घोषणा की है। श्रीमति नीरज, उप आबकारी व कराधान आयुक्त (सेल्स टैक्स), करनाल ने जीएसटी करदाताओं से अपील की है कि वे सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाए।
उन्होने बताया कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 से संबंधित एचजीएसटी सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत मांगों से संबंधित ब्याज या जुमार्ना या दोनों को माफ करने के लिए राहत प्रदान करने के लिए 01 नवम्बर, 2024 को जीएसटी माफी योजना की घोषणा की शुरूआत की है। जो कुछ शर्तों के अधीन है। इस योजना के तहत जिन करदाताओं के पास लंबित जीएसटी मांगें है वे ब्याज व जुमार्नें के रूप में अतिरिक्त बोझ बढ़ाए बिना पूरी कर राशि जमा करके अपने बकाए का निपटान करने के लिए अपने क्षेत्राधिकार अधिकारी से संपर्क कर सकते है। इस जीएसटी सेटलमेंट योजना का लाभ उठाने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च, 2025 है।

## सांसद नवीन जिंदल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र से खाटू श्याम के लिए विशेष ट्रेन सेवा शुरू, श्रद्धालुओं में खुशी

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी।** कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति निरंतर समर्पित हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनकी पहल से न केवल क्षेत्र को अनेक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं, बल्कि धार्मिक और सामाजिक आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में, खाटू श्याम बाबा के दर्शनों के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए उनके प्रयासों से विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की गई हैं, जिससे लाखों भक्तों को बड़ी राहत मिलेगी। राजस्थान के सीकर में 28 फरवरी से शुरू हो रहे खाटू श्याम मेले में देशभर से लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे। ज्ञात हो, इस मेले में वीआईपी दर्शन पर रोक लग गई है और नो-व्हीकल जोन की घोषणा भी की गई है, जिसे देखते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने जनता के अनुरोध पर रेलवे से विशेष आग्रह कर कुरुक्षेत्र से खाटू श्याम तक मेला स्पेशल ट्रेन शुरू कराने की स्वीकृति दिलाई है। कुरुक्षेत्र से मदार (अजमेर) मेला स्पेशल ट्रेन 5 मार्च से 12 मार्च तक प्रतिदिन चलेगी। यह ट्रेन कैथल, नरवाना, जींद, रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल, रिंगस (खाटू श्याम जी) और फुलेरा के रास्ते से संचालित होगी। एक अन्य ट्रेन शकूरबस्ती (दिल्ली) - खाटू श्याम मेला स्पेशल ट्रेन 1 मार्च से 15 मार्च तक प्रतिदिन संचालित होगी। यह अस्थल बोहर, झज्जर, जयपुर और रिंगस (खाटू श्याम जी) होते हुए चलेगी। कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि रेल यात्रियों और श्रद्धालुओं द्वारा सांसद नवीन जिन्दल को इस विषय में एक पत्र सौंपा गया था, जिसके तुरंत बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों से संपर्क कर इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा करवाया।

# वार्ड 11 में बदलाव की बयार, प्रिया सैनी को मिल रहा है जनता का अपार समर्थन : पाली सैनी

## 2 मार्च को हवाई जहाज पर मोहर लगाएं, वार्ड 11 के उज्जवल भविष्य को अपनाएं : प्रिया सैनी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सीवन, 27 फरवरी।** सीवन नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 से पार्षद पद की उम्मीदवार व प्रमुख समाजसेविका प्रिया सैनी (धर्मपत्नी पाली सैनी) ने अपने जनसंपर्क अभियान को नई गति दी है। वार्ड के हर घर में दस्तक देकर वे मतदाताओं से मिल रही हैं और अपनी योजनाओं से सभी को अवगत करा रही हैं। उनका लक्ष्य वार्ड 11 को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना है। प्रिया सैनी ने कहा, यह सिर्फ एक चुनाव नहीं, बल्कि वार्ड 11 की तकदीर बदलने का अवसर है। मैं जनता की समस्याओं को भली-भांति समझती हूं और उनका समाधान मेरी प्राथमिकता होगी। जलभराव, टूटी सडकें, गंदगी और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं को खत्म करना मेरा पहला कदम होगा। मेरा सपना है कि वार्ड 11 एक आदर्श वार्ड बने,



जहां हर व्यक्ति को बेहतर सुविधाएं मिलें और विकास की रोशनी हर गली तक पहुंचे। उन्होंने आगे कहा, मुझे आप सभी का अपार समर्थन मिल रहा है और यह मेरा आत्मविश्वास बढ़ा रहा है। मैं आप सबसे आग्रह करती हूं कि 2 मार्च को हवाई जहाज चुनाव निशान पर अपना आशीर्वाद दें और वार्ड 11 को प्रगति की राह पर आगे बढ़ाएं। आपकी एक-एक वोट विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। प्रमुख समाजसेवी पाली सैनी ने चुनावी माहौल को लेकर कहा कि जनता का जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वह इस बात का संकेत है कि वार्ड 11 की जनता विकास चाहती है। उन्होंने कहा, यह समय बदलाव का है। जनता ने ठान लिया है कि वे सिर्फ वायदे नहीं, बल्कि काम देखने के लिए मतदान करेंगे। हम केवल चुनावी समय में नहीं, बल्कि हमेशा जनता के साथ खड़े रहेंगे। प्रमुख समाजसेवी पाली सैनी ने कहा, जनता का अपार सहयोग हमारे हौंसले को और मजबूत कर रहा है। हम वार्ड 11 को स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बनाएंगे। आप सभी से विनम्र निवेदन है कि 2 मार्च को हवाई जहाज चुनाव निशान पर मोहर लगाकर प्रिया सैनी को भारी मतों से विजयी बनाएं और वार्ड 11 के सुनहरे भविष्य की नींव रखें।

# राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के पत्र के जवाब में किसान एक्सप्रेस और हिसार एक्सप्रेस का संचालन बहाल होने से होगा हजारों रेल यात्रियों को फायदा

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 27 फरवरी।** राज्यसभा सांसद श्रीमती किरण चौधरी के पत्र के जवाब में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भिवानी रेलवे स्टेशन से किसान एक्सप्रेस एवं हिसार एक्सप्रेस को संचालित किए जाने की विस्तृत जांच रिपोर्ट के लिए संबंधित निदेशालय को निर्देश दिए गए

हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने राज्यसभा सांसद किरण चौधरी को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि निदेशालय द्वारा विस्तृत रिपोर्ट आने के उपरांत भिवानी रेलवे स्टेशन से किसान एक्सप्रेस तथा हिसार एक्सप्रेस के संचालक को बहाल कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने केंद्रीय रेल मंत्री को भिवानी रेलवे स्टेशन के माध्यम से किसान एक्सप्रेस और हिसार एक्सप्रेस का संचालन बहाल करने को लेकर पत्र लिखा था। उन्होंने पत्र के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को उजागर किया था। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को पत्र में लिखा कि भिवानी और दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले हजारों दैनिक यात्रियों को यह निर्णय प्रभावित कर रहा है। हाल ही में, किसान एक्सप्रेस और हिसार एक्सप्रेस ट्रेनों को मुख्य भिवानी रेलवे स्टेशन के बजाय भिवानी सिटी स्टेशन से संचालित करने का निर्णय लिया गया । इस निर्णय से बड़ी संख्या में यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है, जिनमें महिलाएँ, वरिष्ठ नागरिक, किसान और बच्चे शामिल हैं, जो अपने दैनिक आवागमन के लिए इन ट्रेनों पर निर्भर हैं।

सांसद ने केन्द्रीय रेल मंत्री को पत्र में लिखा कि भिवानी सिटी स्टेशन मुख्य शहर से लगभग 6 किलोमीटर दूर स्थित है और इसमें उचित पार्किंग सुविधाओं, प्रतीक्षा क्षेत्रों और बुनियादी सुविधाओं सहित पर्याप्त बुनियादी ढाँचे का अभाव है। स्टेशन इन ट्रेनों की संख्या के अनुसार यात्रियों को संभालने के लिए पूरी तरह से विकसित नहीं है। इस अचानक परिवर्तन ने यात्रियों को स्टेशन तक विश्वसनीय परिवहन खोजने के लिए संघर्ष करना पड़ा रहा है।

केंद्रीय रेल मंत्री ने राज्यसभा सांसद किरण चौधरी को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि निदेशालय द्वारा विस्तृत रिपोर्ट आने के उपरांत भिवानी मुख्य रेलवे स्टेशन से किसान एक्सप्रेस तथा हिसार एक्सप्रेस के संचालक को बहाल कर दिया जाएगा। इस कार्य के लिए राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया।

# गढ़वा में घर में खड़ी कार में लगी आग

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सिवानीमंडी, 27 फरवरी।** खंड के गांव गढ़वा के घर में खड़ी कार में रात के समय आग लगने की खबर हैं। आग लगने से गाड़ी पूरी तरह राख हो गई ।कार में आग लगी उस समय कार मालिक घर पर नही था। इस बारे में जानकारी देते हुए गांव कार मालिक सोमबीर शर्मा ने बताया कि वह किसी काम से हिसार गए हुए थे कि उनके घर में खड़ी कार में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसकी चलते उनकी गाड़ी पूरी ताह राख हो गई। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना उनके भाई ने उनको फोन पर दी जिसके बाद वह गांव पहुंचे तो गाड़ी पूरी तरह जली हुई मिली। उन्होंने बताया कि इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कार में आग लगने के कारणों क कोई पता नही चल पाया है।

# कनीना नगर पालिका चुनाव-2025 : आरओ डॉ जितेंद्र सिंह ने पोलिंग पार्टियों को दिया प्रशिक्षण

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**कनीना, 27 फरवरी।** कनीना के एसडीएम एवं आरओ डॉ जितेंद्र सिंह ने 2 मार्च को होने वाले कनीना नगर पालिका चुनाव के लिए आज पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया।

डॉ सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सबसे जरूरी है। ऐसे में सभी चुनाव अधिकारी पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही ना करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार प्रक्रिया अपनाई जाए। डॉ सिंह ने बताया कि अब सभी पोलिंग पार्टियां एक मार्च को अपने-अपने बूथ के लिए रवाना होंगी। इस दौरान उन्हें अंतिम प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अलावा आज ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएस एल) भी संबंधित उम्मीदवार व उसके एजेंट की मौजूदगी में कराई गई।राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल कनीना में स्ट्रांग रूम बनाया हुआ है।

उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

नगर पालिका चुनाव कनीना के मतदान केंद्र 9 और 13 को संवेदनशील मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इन केंद्रों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# चुनाव प्रचार का शोरगुल आज हो शाम पांच बजे हो जाएगा बन्द

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सिवानीमंडी, 27 फरवरी।** नगर पालिका चुनाव को लेकर पिछले 10 दिनों से चला रहा शोरगुल आज शुक्रवार को पांच बजे बंद हो जाएगा । नगर पालिका चेयरपर्सन के लिए सिवानी में 8 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है जिनमें चार उम्मीदवारों के आमने-सामने के टक्कर है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष पद व वार्ड पार्षद पद को लेकर के चुनाव प्रचार जोर-शोर से चल रहा था जो कि शुक्रवार को शाम 5:00 बजे बंद हो जाएगा । नगर पालिका अध्यक्ष के लिए आठ उम्मीदवार चुनाव मैदान में है वही 15 वार्ड में 49 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। नगर पालिका के कुल 16 वार्ड है जिसमें वार्ड नंबर 9 में दीपचंद शर्मा निर्विरोध चुने जा चुके हैं । नगर पालिका के तहत 15355 मतदाता है जो की आठ चेयरपर्सन में 49 पार्षदों के भाग्य का फैसला करेंगे । इस बारे में रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 2 मार्च को चुनाव होंगे वहीं 12 मार्च को गिनती की जाएगी । उन्होंने बताया कि ईवीएम के लिए स्ट्रांग रूम शहर के संस्कृती मॉडल स्कूल में बनाया गया है जहां पूरी व्यवस्था की गई है । उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे वहीं प्रशासन की ओर से चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

पालिका अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार हैं भाजपा समर्थक

नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार बीजेपी समर्थक हैं जो की पूर्व मंत्री जेपी दलाल के काफी नजदीकी रहे हैं। जिसमें वंदना राजेश केडिया, अनु अमित लोहिया, नवीन सूरतपुरिया जो कि जेपी दलाल के कर्मठ कार्यकताओं में शामिल है, लेकिन सिवानी नगर पालिका में पार्टी सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ रही है ऐसे में भाजपा के तीनों कार्यकर्ता आमने-सामने हैं। पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने पालिका चुनाव को लेकर अपनी दूरी बनाई हुई है हालांकि जेपी दलाल के समर्थन तीनों खेमों में बंटे हुए है। वही पिछड़ा वर्ग से पूजा रमेश वर्मा चुनाव मैदान में है जिनका बहुजन समाज पार्टी ने भी समर्थन देने की घोषणा कर दी है और बृहस्पतिवार को बसपा कार्यकताओं ने पूजा रमेश वर्मा के समर्थन में रोड शो भी किया।

# बार एसोसिएशन के चुनाव में हरेंद्र भालोठिया को मिला अधिवक्ताओं खुला समर्थन

## बार के अधूरे पड़े विकास कार्यो को पूरा करवाना ही रहेगी प्राथमिकता : हरेंद्र भालोठिया

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 27 फरवरी।** 28 फरवरी को होने वाले बार एसोसिएशन के चुनाव में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान पद के उम्मीदवार हरेंद्र भालोठिया को अधिवक्ताओं का खुला समर्थन मिला। इस मौके पर हरेंद्र भालोठिया ने बताया कि ये उनकी अकेली उनकी जीत नहीं, ये हर उस अधिवक्ता की जीत साबित होगी, जो बार में उन्नति, विकास व भाईचारा चाहता है। उन्होंने कहा कि यदि समय की कमी के कारण कोई कार्य अधूरे रह गए होंगे तो उनको पूरा करवाना ही उनकी



प्राथमिकता रहेगी। भालोठिया ने कहा कि वे अधिवक्ताओं के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे तथा प्रत्येक अधिवक्ता की समस्या को वे नीजि समस्या मानकर उसका समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे भिवानी बार ही नहीं, अपितु टैक्स बार के साथ भी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। आज उन्हे जो भरपूर समर्थन व सम्मान अधिवक्ताओं द्वारा दिया गया है, वे उस सम्मान का ताउम्र ऋणी रहेंगे और जिस सोच के साथ अधिवक्ता उन्हे वोट देंगे, उस सोच को धरातल पर पूरा करके दिखाएंगे और भिवानी बार एसोसिएशन का नाम हरियाणा में अग्रणीय बार में लिखवाने का काम करेंगे। इस मौके पर उनके साथ बार के चार साल से लगातार प्रधान रहे सत्यजीत पिलानिया भी उनकी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आए ।

इस मौके पर उनके साथ समस्त अधिवक्तागण मौजूद रहे, जिनमें महिला अधिवक्ताओं की संख्या भी अच्छी-खासी थी।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ 4 व 5 मार्च को दिल्ली में होगा दो दिवसीय सम्मेलन: उपायुक्त

## सम्मेलन में आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर होगी चर्चा

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 27 फरवरी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 4-5 मार्च, 2025 को भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय किया है।

महावीर कौशिक ने बताया कि श्री ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है। उन्होंने कहा कि पहली बार मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को निर्देश दिया गया है कि वे सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक डीईओ और एक ईआरओ को नामित करें। उन्होंने कहा कि सांविधिक अधिकारियों के रूप में, सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी हैं।

महावीर कौशिक ने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन से राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को विचार-मंथन और एक-दूसरे के अनुभवों से परस्पर सीखने का एक बेहतर मिलेगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा होगी, जिसमें आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी संवाद, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ावा और निर्वाचन प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका शामिल है। सम्मेलन के दूसरे दिन, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ पिछले दिन की विषयगत चचाओं पर अपनी-अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे।

# 7 नगर निगम, 4 नगर परिषद तथा 21 नगर पालिकाओं के लिए मतदान 2 मार्च को और पानीपत नगर निगम में 9 मार्च को होंगे मतदान: राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह

## 2 नगर निगमों में महापौर, 1 नगर परिषद में प्रधान (प्रेजीडेंट), 2 नगर पालिकाओं में प्रधान (प्रेजीडेंट) और तीन वार्डों के पार्षद पद के लिए 2 मार्च को होंगे उप-चुनाव

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**चंडीगढ़, 27 फरवरी।** हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त श्री धनपत सिंह ने बताया कि प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में 7 नगर निगमों, 4 नगर परिषदों तथा 21 नगरपालिकाओं में होने वाले चुनाव के लिए मतदान 2 मार्च को होगा। साथ ही दो नगर निगमों में मेयर पद, एक नगर परिषद में प्रधान (प्रेजीडेंट), दो नगर पालिकाओं में प्रधान (प्रेजीडेंट ) और तीन नगर पालिकाओं के वार्डों में वार्ड सदस्य के लिए उप-चुनाव के लिए भी 2 मार्च को ही मतदान होगा। इसके अलावा नगर निगम पानीपत में महापौर (मेयर) एवं सभी वार्डों के सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान की तिथि 9 मार्च रहेगी ।

राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि 7 नगर निगमों (फरीदाबाद, गुरूग्राम, मानेसर, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक एवं यमुनानगर) में महापौर तथा वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए हरेक मतदान केंद्र में 2 अलग-अलग इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) लगाई जायेगी।

उन्होंने बताया कि दो नगर निगमों में (अंबाला तथा सोनीपत) महापौर पद के लिए, एक नगर परिषद (सोहना) में प्रधान (प्रेजीडेंट) पद और दो नगरपालिकाओं (असंध और ईमाइलाबाद) में प्रधान (प्रेजीडेंट) के पद तथा 3 नगरपालिकाओं (सफीदो, तरावड़ी व लाडवा) के वार्डों में वार्ड सदस्यों के लिए होने वाले उपचुनाव में हरेक मतदान केंद्र में एक ईवीएम मशीन द्वारा ही मतदान करवाया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि 4 नगर परिषदों ( अम्बाला सदर, पटौदी-जटोली मंडी, थानेसर और सिरसा ) में प्रधान (प्रेजीडेंट) तथा वार्ड सदस्यों के लिए, 21 नगरपालिकाओं ( बराड़ा, बवानी खेडा, लौहारू, सिवानी, जाखल मंडी, फरूख नगर, नारनौंद, बेरी, जुलाना, कलायत, सीवन, पूंडरी, इंद्री, नीलोखेडी, अटेली मंडी, कनीना, तावडू, हथीन, कलानोर, खरखोदा और रादौर) में प्रधान (प्रेजीडेंट) तथा वार्ड सदस्यों के लिए हरेक मतदान केंद्र में 2 अलग अलग ई.वी.एम. के माध्यम से मतदान करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नगर निगम (अम्बाला और सोनीपत) में महापौर पद के लिए, नगर परिषद (सोहना) में प्रधान (प्रेजीडेंट) पद के लिए और नगर पालिका (असंध और इस्माइलाबाद) में प्रधान (प्रेजीडेंट) पद के लिए और नगरपालिका (सफीदों के वार्ड नंबर 14, तरावड़ी के वार्ड नंबर 5 तथा लाडवा के वार्ड नंबर 11) में वार्ड सदस्य के उपचुनाव में एक मतदान केंद्र में केवल एक ईवीएम से ही मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि पानीपत नगर निगम का चुनाव 9 मार्च को होगा। इस चुनाव में महापौर के पद तथा वार्ड सदस्यों के लिए हरेक मतदान केंद्र में 2 ईवीएम लगाई जायेगी।

# विधानसभा चुनाव से पूर्व किए सभी वादों को पूरा करेगी सरकार : कैप्टन अभिमन्यु

## कहा, नायब सैनी सक्षम व सुलझे हुए मुख्यमंत्री, कुशलता से कर रहे हर कार्य

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 26 फरवरी।** राज्य के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की थी, उन्हें पूरा किया जाएगा। नायब सिंह सैनी सुलझे हुए व समक्ष मुख्यमंत्री हैं और वे संकल्प पत्र का एक-एक वादा पूरा करेंगे। कांग्रेस सांसद जयप्रकाश द्वारा हवाई अड्डा शुरू होने पर इस्तीफा देने की घोषणा पर पलटवार करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि वह समय आने वाला है, इसलिए वे अपना इस्तीफा तैयार रखें। उन्होंने कटाक्ष किया कि हवाई अड्डा शुरू होने की प्रक्रिया सीढ़ी दर सीढ़ी चल रही है और यह प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी होगी। कांग्रेस सांसद को हवाई अड्डे की विकास प्रक्रिया देखते रहना चाहिए क्योंकि




कोई फाइल उनके समझ में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि अपने आप को बड़ा नेता बताने वाले कुछ कांग्रेसियों ने निकाय चुनाव में हाथ पैर मारने शुरू किए थे, लेकिन वे अब शांत हो गए। उनके तंत्र ने उन्हें बता दिया है कि इन चुनावों में उन्हें कुछ मिलने वाला नहीं है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हिसार में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का काम वर्ष 2014 में शुरू हुआ था और उस समय वे वित्त एवं एविएशन मंत्री थे। अपने हाथों से इस एयरपोर्ट की नींव रखने से लेकर अनेक कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और हमारा प्रोजेक्ट सिरे चढ़ता देख हमें बहुत खुशी हो रही है। सीढ़ी दर सीढ़ी एयरपोर्ट के निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाते चले गए। कभी हवाई पट्टी का विस्तार, कभी टर्मिनल का निर्माण हुआ, कभी उसे उड़ान योजना में शामिल करने का काम हुआ और आज उसकी लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी होकर के रेगुलर शेड्यूल उड़ान शुरू करने की स्थिति में आए हैं और आने वाले समय में एमआरओ और कार्गो एयरपोर्ट सहित अन्य सभी संभावनाओं को मूर्त रूप दिया जा सके इस सपने लेकर हम काम कर रहे लगे हैं। हिसार एयरपोर्ट भविष्य में विश्व में सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में शुमार होगा। इस अवसर पर कैप्टन अभिमन्यु के साथ जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, मेयर उम्मीदवार प्रवीण पोपली, पार्षद पद के प्रत्याशी डॉ. सुमन यादव, जगमोहन मित्तल, संजय डालमिया, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी, ईश्वर मालवाल, आशा खेदड़, रणधीर सिंह धीरू समेत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मनोविज्ञान में रोजगार के अवसर एवं संभावनाएं विषय पर व्याख्यान

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 27 फरवरी।** राजकीय महाविद्यालय चम्मू कलां में प्राचार्या डॉ. गीता सुखीजा की अध्यक्षता में ह्यमनोविज्ञान में रोजगार के अवसर एवं संभावनाएंह्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ट्विंकल मन्हास, सहायक प्रोफेसर, मनोविज्ञान जीसी रही। उन्होंने मनोविज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बदलती जीवनशैली के साथ मनोविज्ञान में करियर बनाने की संभावना भी बढ़ रही है। समाज सेवा और खेल के क्षेत्र में भी मनोवैज्ञानिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। मनोविज्ञान में बीए, मनोविज्ञान में बीए ऑनर्स, मार्गदर्शन और परामर्श में पीजी डिप्लोमा जैसे कोर्स किए जा सकते है। व्याख्यान में 30 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

# 15 मार्च तक पुल निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई तो महापंचायत करेगी प्रदर्शन : रोहताश वर्मा

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 27 फरवरी।** स्थानीय जीतूवाला ओवरब्रिज निर्माण में सभी बाधाएं दूर हो गई है, केवल जीतूवाला छौर की सीवर डिस्पोजल वापसी पाइप लाइन शिफ्ट होनी है।



अब पुल निर्माण कार्य तेजी से करवाया जाएगा और तीन माह में पुल आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। यह आश्वासन वीरवार को पीडब्ल्यूडी विभाग भिवानी के अधीक्षक अभियंता एवं कार्यकारी अभियंता लोकेश डागर ने रेल अंडरपास महापंचायत श्रीजीतू वाला के शिष्टमंडल को दिया। यह जानकारी कुलदीप सिंह तंवर एवं रोहतास वर्मा ने दी।

महापंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह तंवर ने बताया कि वीरवार को महापंचायत का शिष्टमंडल पुल निर्माण में तेजी लाने एवं आवागमन चालू करने की डैडलाइन बताने बारे पीडब्ल्यूडी के आला अधिकारियों से मुलाकात करने उनके कार्यालय में गया तथा बातचीत कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुल के दोनों तरफ सर्विस रोड़ बनाते हुए बीच में बंद कर दिया। टाप सैक्सन का काम अधूरा छोड़ दिया हुआ है। जीतू वाला छौर पर सीवर लाइन शिफ्ट हुए 10 दिन हो गए, फिर भी ठेकेदार रिटेनिंग वाल का निर्माण नहीं कर रहा। पीडब्ल्यूडी विभाग एवं ठेकेदार काम को लटका रहें हैं। बाकी बचे कार्य करने में ढिलाई बरती जा रही है। आदि समस्याओं बारे जानकारी दी गई।

महापंचायत शिष्टमंडल को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने कहा कि दोनों तरफ सर्विस रोड़ निर्माण एक दो दिन में पुनः शुरू करवाया जाएगा। पुल निर्माण एजेंसी पूनिया कंस्ट्रक्शन कंपनी को निर्देश दे दिए गए हैं और अब तेजी से सभी कार्य करवाए जाएंगे। महापंचायत शिष्टमंडल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 5 साल से क्षेत्रवासियों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्याम बाग श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिए शव लाना भी मुश्किल हो रहा है। निर्माण कार्य चींटी का चाल से करना बर्दाश्त से बाहर हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 15 मार्च तक पुल निर्माण कार्य में तेजी नही लाई गई तो महापंचायत लाइनपार क्षेत्रवासियों को साथ लेकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर भारी रोष प्रदर्शन करने पर मजबूर होगी।

महापंचायत संयोजक रोहतास वर्मा ने बताया कि इस पुल का शिलान्यास 27 अक्टूबर 2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया तथा 13 अप्रैल 2021 को सांसद चौ. धर्मवीर सिंह ने नारियल फोडकर शुभारंभ किया था। निर्माण कार्य कि समय सीमा 18 महीने रखी गई थी। लेकिन अभी भी 30 प्रतिशत काम बकाया है। उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग भी बार बार फाटक से पैदल आने-जाने का रास्ता बंद कर देता है। सरकारी नुमाइंदे और जनप्रतिनिधियों से बार-बार अनुरोध किया कि पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण करें, मगर अभी तक किसी ने नहीं निरीक्षण दौरा नहीं हुआ है।

शिष्टमंडल में प्रधान लाला पहलवान, ओमपाल चौहान, ठाकुर कृष्ण सिंह परमार, अशोक यादव, कुलदीप सिंह तंवर, रमेश वर्मा, महासचिव रामसिंह वैद्य, इंद्र सिंह लांबा, रामशरण ठेकेदार, रोहतास वर्मा, विश्वामित्र, सुखबीर सिंह चौहान, पंकज भारद्वाज, अशोक कौशिक शामिल रहे।


# स्कूटी सवार महिला को टक्कर मारने के मामले में ट्रक चालक गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 26 फरवरी।** थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने 21 फरवरी की सुबह हिसार के सेक्टर 9/11 मोड पर स्कूटी सवार महिला को टक्कर मारने के मामले में ट्रक चालक देवा निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार किया है।



उप निरीक्षक मलसिंह ने बताया कि 21 फरवरी की सुबह सेक्टर 9/11 मोड पर एक ट्रक द्वारा स्कूटी सवार महिला को टक्कर मारने के बारे सूचना मिली। जिसमें स्कूटी सवार महिला की मौके पर मौत हो गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक महिला की पहचान जिंदल अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत मस्तनाथ कॉलोनी निवासी रीना के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिवारजनों को सूचित कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिवारजनों की शिकायत पर थाना अर्बन एस्टेट में सुसंगत धाराओं के तहत ट्रक चालक के खिलाफ अभियोग अंकित किया गया। अभियोग में आगामी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ट्रक चालक पवन को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ उपरांत पेश अदालत कर जमानत पर रिहा किया गया।

# गुजवि में साइबर सिक्योरिटी क्लब साइबर फियोनिक्स स्थापित



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 26 फरवरी।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा साइबर सिक्योरिटी क्लब साइबर फियोनिक्स स्थापित किया गया है। यह विभाग का पहला साइबर सुरक्षा क्लब है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विभाग व विद्यार्थियों को इस पहल के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रौद्योगिकी के युग में प्रौद्योगिकी का उपयोग जहां आवश्यक हो गया है, वहीं साइबर सुरक्षा का खतरा भी बना हुआ है। इस क्लब के माध्यम से विद्यार्थी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होंगे तथा प्रौद्योगिकी का सुरक्षित उपयोग कर सकेंगे। कुलसचिव डा. विजय कुमार ने भी विभाग व क्लब के सदस्यों को बधाई दी। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओमप्रकाश सांगवान द्वारा विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में गुरुवार को इस क्लब का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डा. प्रताप सिंह व क्लब की प्रभारी डा. अनुपमा सांगवान भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डा. अमित, डा. आयूष शर्मा, डा. रमेश व डा. अंकुर उपस्थित रहे।

# भाजपा ने किए सभी वायदे पूरे : मुख्यमंत्री नायब सैनी

## कहा : ट्रिपल इंजन सरकार बनी तो तीन गुना तेज होगा विकास

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सीवन, 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सीवन में भाजपा की नगरपालिका चेयरपर्सन पद की प्रत्याशी शैली मुंजाल के समर्थन में रामलीला मैदान में एक महारैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने सभी वायदों को पूरा किया है और आने वाले समय में विकास की गति और तेज होगी। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने बजट में महिलाओं को 2100 रुपये देने की योजना का प्रावधान किया है। यह योजना 7 मार्च को बजट सत्र के बाद लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना पर्ची, बिना खर्ची नौकरियां दी हैं और बिचौलियों को खत्म कर दिया है। किसानों के हित में सरकार ने 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा है। उन्होंने



घोषणा की कि शहरी क्षेत्र में 30 गज और ग्रामीण क्षेत्रों में 100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे, जिससे गरीबों को घर बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को पूरी तरह खत्म करने के लिए कृतसंकल्प है। सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के सीधे जनता तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा में डबल इंजन सरकार है, लेकिन अगर जनता भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल को जिताएगी तो ट्रिपल इंजन सरकार बनेगी और विकास की गति तीन गुना हो जाएगी। रैली में भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं, जिन्होंने बड़े उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का भाषण सुना। भारत माता और भाजपा के जयकारे लगातार गूंजते रहे। भीड़ इतनी अधिक थी कि पंडाल छोटा पड़ गया। रैली को सांसद नवीन जिंदल, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर और भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल ने भी संबोधित किया। मंच संचालन पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश मुंजाल ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता कैलाश भगत, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, भाजपा आईटी सेल के जिला अध्यक्ष बलविंदर जांगड़ा, भाजपा नेत्री कुमारी संगीता, भाजपा महिला मोर्चा मंडल की अध्यक्ष कृष्णा कश्यप, भाजपा नेता संजय कंसल, ओम प्रकाश मुटरेजा, राजेंद्र मेहता, सुरेश सरदाना, नरेश मुंजाल, अंकुर मुंजाल, सुधीर मिड्ढा सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

**मैं सीवन की जनता की सेवा के लिए समर्पित हूं: शैली मुंजाल**
चेयरपर्सन पद की प्रत्याशी शैली मुंजाल ने कहा कि मैं सीवन की जनता की सेवा के लिए समर्पित हूं। यदि मुझे जनता का आशीर्वाद मिला, तो मैं शहर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दूंगी। सबसे पहले सीवन में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाऊंगी। महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराऊंगी। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाऊंगी। सीवन में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए नए विद्यालय और प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रयास करूंगी। सडकें, स्ट्रीट लाइट और जल निकासी की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता होगी। व्यापारियों और किसानों के लिए सुविधाएं बढ़ाने का कार्य करूंगी। गरीबों के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उन तक पहुंचाने की व्यवस्था करूंगी। कानून व्यवस्था को मजबूत कर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूंगी। मेरा संकल्प है कि सीवन को एक विकसित और आत्मनिर्भर शहर बनाऊंगी।

## आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन को लेकर दो दिवसीय सम्मेलन 4-5 मार्च को

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**नारनौल, 27 फरवरी।** आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन को लेकर चुनाव आयोग ने 4 व 5 मार्च को नई दिल्ली में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है।
यह जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ विवेक भारती ने बताया कि यह सम्मेलन भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इसमें सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है।
चुनाव आयोग के अनुसार पहली बार मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को निर्देश दिया गया है कि वे सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक डीईओ और एक ईआरओ को नामित करें। उन्होंने बताया कि सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी हैं।
दो दिवसीय सम्मेलन निर्वाचन अधिकारियों को विचार-मंथन और एक-दूसरे के अनुभवों से परस्पर सीखने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन के पहले दिन आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा होगी, जिसमें आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी संवाद, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ावा और निर्वाचन प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका शामिल है।

## नगर निकाय चुनाव : चुनावी सामग्री वितरण के लिए टेबल इंचार्ज सहित कर्मचारियों की ड्यूटियां सुनिश्चित




**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 26 फरवरी।** नगर निकाय चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने बताया कि नगर निगम हिसार के चुनाव के दृष्टिगत चुनावी सामग्री वितरण करने के लिए ड्यूटियां सुनिश्चित कर दी गई हैं। इसके तहत बूथ वाइज टेबल इंचार्ज लगाए गए हैं। एक टीम में इंजार्च के अतिरिक्त 6 कर्मचारियों की ड्यूटियां सुनिश्चित की गई हैं। इसके तहत मतदाताओं की संख्या के हिसाब से सामग्री वितरण करने के लिए बूथ वाइज ड्यूटियां लगाई गई हैं।
उन्होंने बताया कि कुल 20 टीमें चुनावी सामग्री वितरण करने के लिए बनाई गई हैं। इसके तहत एडीओ अखिल सांगवान, एडीओ कपिल कुमार, बीएओ राजेंद्र सिंह, एपीपीओ अरूण कुमार, एडीओ राजेश चंदोलिया, बीएओ श्याम बिहारी, एडीओ देवेंद्र पाल, एसडीएओ अजित सिंह, एडीओ सुरेंद्र कुमार, एडीओ बलविंद्र सिंह, एडीओ शेलेंद्रा भयाण, एडीओ राजीव कुमार, एएससीओ मुकेश कुमार, एडीओ उमेद सिंह, एडीओ दीपक, बीएओ बलवान सिंह, बीएओ रमेश कुमार, एडीओ अमरजीत लांबा, एडीओ विशाल अटवाल तथा एडीओ मांगे राम को टेबल इंचार्ज बनाया गया है। इनके दिशा निर्देश में टीम में शामिल कर्मचारी चुनावी सामग्री का वितरण करवाना सुनिश्चित करेंगे।

## विधायक ने विधानसभा में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए कई अहम मांगें उठाईं

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**ग्रेटर नोएडा।** यहां वेस्ट के लाखों निवासियों के लिए राहत की खबर आई है। क्षेत्र के विकास और बुनियादी सुविधाओं की कमी को देखते हुए विधायक तेजपाल नागर ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए कई अहम मांगें उठाईं। अगर इन मांगों को मंजूरी मिलती है, तो यहां के लगभग 5 लाख निवासियों को बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।
ग्रेटर नोएडा वेस्ट एक ऐसा इलाका है, जहां हजारों छात्र उच्च शिक्षा के लिए नोएडा और अन्य शहरों का रुख करने को मजबूर हैं। विधायक ने विधानसभा में मांग रखी कि क्षेत्र में एक राजकीय इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाए ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही क्षेत्र में मिल सके।
सरकारी अस्पताल की मांग झ्र स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की पहल
ग्रेटर नोएडा वेस्ट की तेजी से बढ़ती आबादी को देखते हुए एक बड़े सरकारी अस्पताल की आवश्यकता है। वर्तमान में, यहां रहने वाले लोगों को गंभीर बीमारियों और आपात स्थितियों में दिल्ली, नोएडा या ग्रेटर नोएडा जाना पड़ता है। विधायक ने कहा कि अगर सरकारी अस्पताल की सुविधा दी जाती है, तो लाखों लोगों को फायदा होगा।
गंगाजल आपूर्ति झ्र हर घर को मिले शुद्ध पेयजल
इस क्षेत्र में कई सालों से गंगाजल की आपूर्ति अधूरी है। लोग टैंकरों और अन्य साधनों से पानी खरीदने को मजबूर हैं। विधायक ने विधानसभा में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया और कहा कि हर घर तक गंगाजल की आपूर्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए।

## हत्या में शामिल कॉन्ट्रैक्ट किलर गिरफ्तार, आरोपी के पास रुपये व मृतक का मोबाइल बरामद

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**ग्रेटर नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा के थाना इकोटेक 3 पुलिस ने 21 फरवरी को डी पार्क कट के पास एक व्यक्ति की हत्या के वांछित कॉन्ट्रैक्ट किलर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। आरोपी की पहचान विनय भाटी के रूप में हुई है, जो गौतमबुद्धनगर जिले के सूरजपुर थाना क्षेत्र के पाली गांव का निवासी है। उसकी उम्र लगभग 21 वर्ष है।
पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल, मृतक का मोबाइल, एक अन्य मोबाइल, कॉन्ट्रैक्ट में मिले 10,000 रुपये, मृतक का मेट्रो कार्ड और पहचान पत्र बरामद किए हैं।
पुलिस के मुताबिक, 21 फरवरी को थाना इकोटेक 3 क्षेत्र के डी पार्क कट के पास मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात आरोपियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना को लेकर थाना इकोटेक 3 में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।
पुलिस अधिकारियों ने मामले के शीघ्र खुलासे के लिए टीमों का गठन किया था। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और सर्विलांस के माध्यम से जानकारी मिलने पर बुधवार को आरोपी विनय भाटी को 130 मीटर रोड पर खोदना खुर्द जाने वाले रास्ते के पास गिरफ्तार किया।
गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से घटना में बाइक समेत अन्य सामान बरामद किए गए। इस मामले में आरोपी का दूसरा साथी 25 फरवरी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हो चुका था। आरोपियों ने कांट्रैक्ट किलर के रूप में पैसे लेकर मृतक पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थी और फरार हो गए थे।

## ब्रह्माकुमारीज द्वारा महाशिवरात्रि का पर्व बहुत ही उमंग उत्साह व हर्षोल्लास से मनाया गया

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**नोएडा।** ब्रह्माकुमारीज सेक्टर 33 नोएडा द्वारा महाशिवरात्रि का पर्व बहुत ही उमंग उत्साह व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज सेक्टर 33 की संचालिका आदरणीय मंजू दीदी द्वारा उपस्थित भाई और बहनों को महाशिवरात्रि पर्व का आध्यात्मिक अर्थ बताया कि यह पर्व मनुष्य मात्र के कल्याण अर्थ परमात्मा शिव के इस धरा पर अवतरण का यादगार पर्व है। परमात्मा शिव मनुष्य मात्र की सद्गति का ज्ञान देते हैं। जिसे अपने जीवन में अपनाकर हमें अपना और दूसरों का जीवन श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करना चाहिए।
सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ परमात्मा शिव का ध्वज लहरा कर महाशिवरात्रि पर्व को मनाया गया। शिव शंकर की बहुत सुंदर झांकी भी बनाई गई। इस अवसर पर नवाब सिंह नागर पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा संगठन के उपाध्यक्ष राजीव गोयल , निपुण भाई, ममता बहन, पूनम बहन व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अम्प्रो ने पेश की ब्यूटी प्रोडक्ट की नई रेंज

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**नोएडा।** विश्व की महिलाएं हमेशा से सजने-संवरने की शौकीन रही हैं और इसका फायदा ब्यूटी सैलून से लेकर बड़े ब्रांड्स उठाते हैं, भारत में महिलाएं सौंदर्य उद्योग या ब्यूटी इंडस्ट्री की सबसे बड़ी ग्राहक के तौर पर काफी आगे हैं, जहां एक तरफ ब्यूटी प्रोडक्ट्स में नए तरीकों और रुझानों का ट्रेंड चलता रहता है, वहीं दूसरी तरफ ये उद्योग लगातार नई चुनौतियों का सामना करता रहता है।
इसी कड़ी में नोएडा की स्थानीय कंपनी अम्प्रो ने भी लांच की है ब्यूटी प्रोडक्ट की नई रेंज।
अम्प्रो के संस्थापक अमित पोरवाल ने बताया कि हमने सौंदर्य से जुड़े 106 प्रोडक्ट की बड़ी रेंज तैयार की है, जिसमें आज गोल्ड ब्लीच, व्हाइट चॉकलेट वैक्स, फेस वैक्स, केराटिन स्पा, शैंपू, डी-टेन क्रीम लॉन्च कर रहे है। हमारे ब्यूटी प्रोडक्ट्स बहुत ही किफायती है और क्वालिटी में किसी भी ब्रांडेड प्रोडक्ट से कम नहीं है।

# युवा नशे से दूर रहकर दूसरों को भी नशे के प्रति जागरूक करें : रामचंद्र जडौला

## कहा : युवा शक्ति ही हमारे देश व प्रदेश का सुनहरा चमकता भविष्य

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 27 फरवरी।** पूर्व डायरैक्टर हैफेड एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि युवा वर्ग देश के विकास के लिए हमेशा से ही तत्पर रहता है।
युवा इस बात को समझ चुका है कि देश के लिए करना है तो उसे पूर्ण लग्न व निष्ठा के साथ कार्य करना होगा। युवा स्वयं किए जाने वाले कार्य ईमानदारी से करता है तो देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा। कस्बे में स्थित अपने प्रतिष्ठान पर एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए रामचंद्र जडौला ने कहा कि महापुरुषों के बताए हुए रास्तों पर चलने से ही देश



उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। युवा अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करना सीखे। युवा शक्ति ही हमारे देश व प्रदेश का सुनहरा चमकता भविष्य है। युवा एकजुट होकर सामाजिक बुराईयों को समाप्त करने में भी निःस्वार्थ भाव से दो कदम आगे बढकर सहयोग की आहुति डालें। इसके साथ युवा वर्ग नशे से दूर रहने के साथ दूसरों को भी नशा ना करने के लिए जागरूक करें। पूर्व डायरैक्टर हैफेड रामचंद्र जडौला ने कहा कि जब हम अपने व्यक्तित्व में अच्छे गुणों का समावेश कर समाज के लिए कुछ करने का जज्बा रखते है तो यह न सोचें कि यह काम मैं ही क्यों करूं। इस भावना को अपने भीतर से समाप्त कर युवाओं को आज अपने रोजगार के साथ-साथ समाज के लिए भी कुछ करने का जज्बा लेकर आगे बढ?ा होगा। ऐसा करने से ही एक बेहतर कल का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज को बेहतर दिशा देने के लिए युवाओं को अपनी विचारधारा में भी बदलाव लाने की जरूरत है। देश का निर्माण अच्छे समाज से ही होता है। युवाओं की सोच देश व समाज के प्रति लगातार बदल रही है। उन्होंने कहा कि एक कल्याणकारी व्यवस्था की अभिकल्पना हमारे पूर्वजों ने की थी। पूर्वजों के दिलों में दूसरों के प्रति चिंताएं थीं। जो बुद्धिमान, उदार, सहिष्णु न्यायप्रिय, संवेदनशील थे। आज इन्हीं चीजों की जरूरत है।

# किसान आज भी अपनी मांगों व हकों को लेकर संघर्ष करने पर विवश : नीरज जडौला

## किसान आज भी अपनी मांगों व हकों को लेकर संघर्ष करने पर विवश : नीरज जडौला

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 27 फरवरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सरपंच नीरज कुमार जडौला ने कहा कि किसान भाजपा राज में 10 साल पहले भी अपनी मांगों व हकों को लेकर संघर्ष व आंदोलनरत था और आज भी सडकों पर उतरने पर विवश है। कस्बे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता नीरज जडौला ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार निरंतर किसानों की अनदेखी कर रही है। एम.एस.पी. सहित अन्य मांगों को लेकर किसानों का खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन आज भी ज्यों का



त्यों बरकरार है, लेकिन सरकार किसानों की मांगों को पूरा करने की बजाए उनके हितों से खिलवाड़ कर रही है। किसानों में सरकार के प्रति भारी रोष है। उन्होंने कहा कि गत दिनों हुई प्रदेश में बरसात व ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन सरकार मुआवजा देने के नाम पर चुप्पी साधे बैठी है। जिससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकार का किसानों के हितों से कोई सरोकार नहीं है।
महज भाजपा सरकार किसान हितैषी होने का ढोंग रच रही है। पूर्व सरपंच नीरज जडौला ने कहा कि भाजपा सरकार विकास व रोजगार के नाम पर झूठे जुमले उछालकर युवाओं को भ्रमित व गुमराह कर रही है। शिक्षित युवा रोजगार पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे है और सरकार रोजगार मुहैया करवाने की बजाए निरंतर रोजगार छिनने का काम कर रही है। जबकि प्रदेश में विभिन्न सरकारी विभागों में 2 लाख से अधिक सरकारी विभागों में पर खाली पड़े है और सरकार पक्की भर्तियां करने की जहमत नहीं उठा रही है। जिस कारण युवाओं में भी सरकार के प्रति रोष है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार किसान हित में एम.एस.पी. गारंटी कानून लागू करने के साथ 2 लाख खाली पदों पर पक्की सरकारी भर्तियां कर युवाओं को रोजगार देने का काम करें।

# ग्रेटर नोएडा फेज-2 को विकसित करने की दिशा में काम शुरू

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर में तेजी से बढ़ती आबादी और प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर नोएडा फेज-2 को विकसित करने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण नए ग्रेटर नोएडा को आधुनिक, हरित और हाईटेक सिटी के रुप में विकसित करने की योजना बना रहा है। यही कारण है कि ग्रेटर नोएडा-2 का 16 फीसदी यानी 7,908.60 हेक्टेयर ग्रीन एरिया होगा। वहीं, 1073.96 हेक्टेयर एरिया में फॉरेस्ट एरिया डेवलप किया जाएगा।
ग्रेटर नोएडा शहर विकसित होने के बाद भी कई वर्षों तक आबादी के लिहाज से लोगों की पसंद नहीं बन पाया। इसके पीछे सार्वजनिक परिवहन की कमी को बड़ा कारण माना गया।
यही कारण है कि ग्रेटर नोएडा के फेज-2 में सबसे ज्यादा जोर पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट के सबसे



नजदीक शहर होने का लाभ उठाने के साथ ही ग्रेटर नोएडा सार्वजनिक परिवहन के अन्य स्त्रोतों को विकसित करने की योजना में है।
इसके लिए ग्रेटर नोएडा फेज- 2 के दादरी में बनने जा रहे मल्टी मॉडल ट्रांजिट हब, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब और मेट्रो का विस्तार करने की योजना है। वहीं इस शहर को नोएडा में बनने वाले जेवर एयरपोर्ट, नोएडा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे जैसे प्रमुख सड़कों से जोड़ने के योजना पर काम शुरू किया गया है।

**गंगा नहर के किनारे बनेगा रेस्तरां और होटल**
ऊपरी गंगा नहर के किनारे उच्च स्तरीय कार्यालय, रेस्तरां, होटल, वित्तीय संस्थान, व्यवसायिक सुइट आदि विकसित किया जाएगा। दरअसल, ग्रेटर नोएडा फेज-1 और फेज-2 में नहरों का व्यापक नेटवर्क है। फेज-2 में शामिल ऊपरी गंगा नहर को फ्रंट डेवलपमेंट किया जाएगा। यहां नहर के किनारे चौड़े सैरगाह पथों का विकास, ओपन एयर थियेटर (ओएटी), ढकी हुई बैठने की जगह, घाट क्षेत्र के साथ सार्वजनिक उद्यानों का विकास, पुलों, घंटाघरों आदि से गिरते पानी के फव्वारों, फूड प्लाजा, शौचालय, भव्य प्रवेश प्लाजा और पार्किंग सुविधाओं को विकसित करने की योजना है।

**नए ग्रेटर नोएडा की कार्ययोजना एक नजर में**
- शहर का 16 फीसदी हिस्सा (7,908.60 हेक्टेयर) ग्रीन जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।
- 1,073.96 हेक्टेयर भूमि को फॉरेस्ट एरिया में बदला जाएगा।
- 1,422.20 हेक्टेयर में शैक्षणिक ग्रीन एरिया तैयार किया जाएगा।
- हर ब्लॉक में कम से कम 2 बड़े पार्क अनिवार्य रूप से बनाए जाएंगे।
- सोलर पैनल आधारित स्ट्रीट लाइट्स और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन अनिवार्य होंगे।

सार्वजनिक परिवहन के साथ कनेक्टविटी पर काम
ग्रेटर नोएडा फेज-2 के विकास से पहले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कनेक्टविटी मजबूत करने की योजना है। इसके साथ ही नोएडा मेट्रो के विस्तार के जरिये ग्रेटर नोएडा फेज-2 तक मेट्रो नेटवर्क बढ़ाने की योजना है। रेलवे और मेट्रो की कनेक्टविटी के लिए बोड़ाकी मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और औद्योगिक व व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब को विकसित किया जा रहा है। नोएडा, यमुना और गंगा एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी कर दिल्ली, लखनऊ और आगरा से भी शहर को जोड़ने की योजना है।

## अखिल भारतीय गुर्जर संस्कृति शोध संस्थान में मनाई गई विजय सिंह पथिक की 144वीं जयंती

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**ग्रेटर नोएडा।** अखिल भारतीय गुर्जर संस्कृति शोध संस्थान में आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिकारी, पत्रकार एवं किसान नेता विजय सिंह पथिक की 144वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट जगदीश लोहिया (अध्यक्ष, भारतीय गुर्जर परिषद), राजकुमार भाटी (अध्यक्ष, विजय सिंह पथिक शोध संस्थान), योगेन्द्र चौधरी (पूर्व अध्यक्ष, अ.भा.गु.शोध संस्थान), शीतला प्रसाद और पूर्व जिला पंचायत चेयरमैन वीरेन्द्र डाढा रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट योगेन्द्र सिंह भाटी ने किया।
विजय सिंह पथिक के योगदान पर प्रकाश डाला
इस अवसर पर एडवोकेट जगदीश लोहिया ने कहा कि विजय सिंह पथिक का योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय रहा है। वे न केवल क्रांतिकारी थे बल्कि एक उत्कृष्ट पत्रकार, लेखक, कवि और किसान नेता भी थे। गुलाम भारत में उन्होंने किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी और अंग्रेजी शासन को झुकने पर मजबूर कर दिया।
राजकुमार भाटी ने युवाओं को प्रेरित किया
विजय सिंह पथिक शोध संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार भाटी ने कहा कि युवाओं को पथिक जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने राजस्थान के प्रसिद्ध बिजौलिया किसान आंदोलन का नेतृत्व किया और अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी।
ह्लभारतीय रियासतों की कहानीह्व पुस्तक का विमोचन
इस कार्यक्रम में विजय सिंह पथिक की पुस्तक ह्यभारतीय रियासतों की कहानीह्न का विमोचन किया गया, जिसे नरेन्द्र नागर ने अनुवादित किया है। यह पुस्तक भारतीय रियासतों के इतिहास और उनके संघर्षों पर आधारित है।
कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोग
कार्यक्रम में सह-सचिव जयकरन भाटी, कार्यकारिणी सदस्य सुखवीर सिंह आर्य, वीर सिंह नागर, रुपचन्द्र मुनीम, योगेन्द्र विकल, अजब सिंह कसाना, राजेश्वर भाटी, बेगराज गुर्जर, अशोक भाटी, यशवीर गुर्जर, संतराम भाटी एडवोकेट, प्रमेन्द्र भाटी एडवोकेट (अध्यक्ष, बार एसोसिएशन) और भीम सिंह भाटी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य पकड़े

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स की नोएडा यूनिट को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नोएडा एसटीएफ यूनिट ने यूपी और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अवैध रूप से हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से भारी मात्रा में अवैध असलहे एवं कारतूस आदि बरामद हुआ है। यह कार्रवाई नोएडा एसटीएफ के एडिशनल एसपी राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने मथुरा पुलिस के साथ मिलकर की है।
आरोपियों की पहचान वीरपाल यादव निवासी खामनी जनपद मथुरा, लाखन सिंह उर्फ लल्लू निवासी समसपुर गांव जनपद मथुरा और सचिन निवासी गांव अगरियाला जनपद मथुरा के रूप में हुई है। एसटीएफ अधिकारी ने बताया कि आरोपी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ एनसीआर में हथियारों की तस्करी करने का काम कर रहे थे। नोएडा एसटीएफ यूनिट ने गिरफ्तार किये गए आरोपियों के कब्जे से 11 अवैध हथियारों के साथ 47 कारतूस, तीन मोबाइल समेत सिम कार्ड और दो आधार कार्ड बरामद किए हैं।

सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495,
ईमेल: haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिका:- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला